# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021

# ग्रामीण क्षेत्रों में सादगी के साथ मना बकरीद का त्योहार





ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर नमाज अता करते तथा एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देते मुस्लिम समुदाय के लोग फोटो : एसएनबी

बड़हलगंज (एसएनबी)। वड़हलगंज क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्यौहार वुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईाहों व मस्जिदों पर नमाज अता की गई और गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को त्योहार की मुवारकवाद दी।

उपनगर वड़हलगंज स्थित ईदगाह, जामा मस्जिद, पंड़ितपुरा व देहात क्षेत्र पिड़हनी, तीहामुहम्मदपुर, वैदौली, कुल्दवावारी, पटना, चौतीसा, वभनौली, भैसवली, वरेहता, संसारपार, स्थित मस्जिद पर ईद-उल-अजहा की नमाज अता की गई और दोआखानी के वाद एक दूसरे को त्यौहार की मुवारकवाद दी। इस दौरान शांति और सुरक्षा को लेकर उपजिलाधिकारी गोला राजेन्द्र वहादुर, व क्षेत्राधिकारी अंजनी पाण्डेय, कोतवाल मनोज राय, चौकी इंचार्ज अभयनारायन सिंह, राजवीर सिंह यादव, राजेश पाण्डेय, लालचंद वर्मा, मातहतों के साथ मस्जिदों पर पुलिस वल के साथ मौजूद रहे। चेयरमैन प्रतिनिधि वीरू सोनकर, श्रवण जायसवाल, सुनील यादव आदि ने मस्जिदों व ईदगाहों पर लोगों से गले मिलकर वकरीद की मुवारकवाद दी।

शाहपुर प्रतिनिधि के अनुसार वेलघाट विकास खंड क्षेत्र के शाहपुर ,राउत्पार, जितवारपुर, मुकारीमपुर ,छित्तौनी, रसूलपुर, सिधवाना, गौरगंज, सोहनाग, पचपेड़वा, में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए लोगो ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कर त्योहार धूम धाम से मनाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री डक्टर मोहसिन खान, एवम सपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मिर्जा कदीर वेग ने असहाय गरीव लोगो के घर-घर जाकर लोगो को ईद उल अजहा की मुवारकवाद पेश की और गरीव असहाय की मदद भी की। इस मौके पर थाना अध्यक्ष वेलघाट श्याम मोहन अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

कैम्पियरगंज कार्यालय के अनुसार कैम्पियरगंज क्षेत्र में ईद उल अजहा (वकरीद) का त्योहार अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के चौमुखा, भौरावारी, पचमा, रिगौली, वसंतपुर, जंगल वब्बन, महम्मदपुर आदि स्थानों पर लोगों ने सुवह के समय ईद का नमाज अदा किया। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर मुवारक वाद भी दिया। वकरीद के त्योहार के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए नमाज अदा की गई। त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था वनाये रखने के लिए तहसील व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही।

पीपीगंज प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत पीपीगंज व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में वकरीद का पर्व कोरोना के नियमों का पालन करते हुए नगर पंचायत पीपीगंज जँगल विहुली-कल्यानपुर-वगहीभारी-तिघरा मे मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों मे नमाज अदा किया तथा एक दुसरे से गले मिलकर वधाई दिया। इस अवसर नगर पचायत पीपीगंज के चेयरमैन गंगा प्रसाद जायसवाल ने नगर पंचायत पीपीगंज तथा नगर मे शामिल गांवो के मस्जिद के आस पास साफ सफाई कराकर चूना गिरवाया। चेयरमैन गंगा प्रसाद जायसवाल, वापू पीजी कालेज के प्रवंधक डा. कमाल जावेद, पूर्व प्राचार्य डा. वदरूद्दीन, वकील वावू डा. सुवोध, डा. अरशद जमाल, डा. जमाल वावू चेयरमैन प्रतिनिधि भोलू जायसवाल मु. शरीफ, सभासद अताउल्लाह, सभासद मो. जावेद, वगहीभारी के प्रवंधक मो. ईजहार, जंगल विहुली के पूर्व प्रधान मो. हमीद , ग्राम कल्यानपुर के ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार यादव, एडवोकेट हाकिम अली, समुल्लाह मास्टर, अलीरजा, नौरंग अली, अनुभव उर्फ पिन्टू श्रीवास्तव, अशफाक पेशकार आदि ने वधाई दिया है।

अकटहवा प्रतिनिधि के अनुसार वकरीद त्योहार पर मुस्लिम भाइयों ने नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड नम्वर 10 वड़ी मस्जिद वीर अव्दुल हमीद नगर पीपीगंज में कमाल जावेद, डा. वदरुद्दीन उसमानी, डा. अरसद जमाल, फैसल अहमद, असलम, जल्लालूदीन, मु शरीफ, मु जावेद, राजू सहारा, लाली ने नमाज अदा किया। वगहीभारी मस्जिद पर अलहोदा वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सैयद इजहार अहम सहित तमाम मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा किया। नगर पंचायत पीपीगंज के चेयरमैन गंगा प्रसाद जयसवाल ने मस्जिदों के ईद गिर्द साफ सफाई तथा सड़कों की पुरी सफाई कराया तथा मुस्लिम भाईयों को वकरीद के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दिया। पीपीगंज थाना अध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह अपने हम रहियो के साथ मस्जिद पर सुरक्षा में मोजूद रहे ।चेयरमैन प्रतिनिधि



महेश जयसवाल (भोलू वावू) ने क्षेत्र में मौजूद रह कर मुस्लिम भाईयों से गले मिल कर वकरीद पर वधाई दी।

पिपराइच कार्यालय के अनुसार ईद उल अजहा के अवसर पर पिपराइच उपनगर के जामा मस्जिद सहित मुढ़ेरी गढ़वा, वैलो, रमवापुर, करमैनी आदि सभी 28 मस्जिदों में नमाज अदा की गई तथा एक दूसरे से गले मिले और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एसपीनार्थ मनोज कुमार अवस्थी, सीओ जगत कन्नौजिया, तहसीलदार सदर डा. संजीव दीक्षित, इंस्पेक्टर सूर्यभान सिंह आदि मौजूद रहे।

बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत स्थित जामा मस्जिद वड़ावन व कस्वे की अन्य मस्जिदों में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जीद वड़ावन मे मस्जीद के इमाम हाफीज जुनैद अहमद ने नमाज अदा कराई। जवकि कश्वे की मस्जीद मे हाफीज तनवीर ने नमाज अदा करवाई। इस अवसर प्रभारी कोतवाल राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज कौड़ीराम कौड़ीराम रतन कुमार पांडे, चौकी इंचार्ज हरनही मनीष यादव अपने अपने क्षेत्र मे उप निरीक्षक छोटे लाल, चन्दन नारायण, अम्वरीष राजभर आरक्षी मनीष सिंह ने भ्रमण कर शान्ति व्यवस्था वनाये रखने का प्रयास किया।

पाली प्रतिनिधि के अनुसार पाली क्षेत्र में वकरा ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में वकरा ईद की नमाज अदा किया। क्षेत्र के गाहीं, मुस्तफावाद, चंदवारी, भरपही, डुमरी पाली आदि गांवों में वकरा ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

हरपुर बुदहट प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र मे हरपुर, कटसहरा, मझौरा, कविसा, मियापकड़ी, रावतपार मे अकीदत के साथ वकरीद का त्योहार मनाया गया। मस्जिदों पर पुलिस वल मुस्तैदी के साथ मौजूद रही । कही से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है । सहजनवा राजस्व की टीम भी क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर दौड़ती रही ।

समधिया प्रतिनिधि के अनुसार सहजनवा तहसील के पाली विकासखंड में वकरीद का पर्व, ईदगाहों पर नमाज अदा कर शांतिपूर्ण एवं धूमधाम से भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग ईाहों एवं मस्जिदों में वकरीद की नमाज अदा किया तथा मुल्क में अमन चौन तथा कोरोनावायरस जैसी महामारी से निजात पाने के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर पूरे क्षेत्र में पुलिस अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रही। कहीं किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला। विकासखंड पाली के ग्राम ओड़वलिया, भरपही, चांद वारी, महरा वारी, डुमरी, मुस्तफावाद, गांही, घघसरा,अलगटपुर आदि गांवों में वकरीद शांति पूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाया गया।

उनवल प्रतिनिधि के अनुसार ग्रामीण अंचल मे सवसे अधिक मुस्लिम आवादी का नगर पंचायत उनवल सहित आसपास के क्षेत्रो मे ईद उल अजहा का पर्व शान्ति पूर्ण माहौल मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नगर पंचायत उनवल मे चार मस्जिदों मे नमाज अदा की गई। लोग एक दूशरे के गले मिलकर ईद उल अजहा की मुवारकवाद दी। सभी लोग वहुत ही शिद्दत के साथ सोसल डिस्टेंस को ध्यान मे रखकर वकरीद की नमाज अदा की व कुर्वानी के वकरों के शेष अवशेष को आवादी के वाहर जमीदोज कर दिया गया। उक्त अवसर पर चारो मस्जिदों पर चौकी उनवल की पुलिस मुस्तैदी के साथ जमी रही इन्सपेक्टर खजनी अजय कुमार मौर्य तथा चौकी प्रभारी उनवल वर्षात के वावजूद मुस्तैदी के साथ भ्रमण करते रहे फातिहा पढ़कर सैकडों वकरों की कुर्वानियां दी गई।

गोला प्रतिनिधि के अनुसार ईद-उल-अजहा का त्योहार वुधवार को उपनगर गोला तथा आसप्पास के क्षेत्रों में अकीदत व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सामाजिक दूरी का ख्याल रखते हुए नमाज अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर मुवारकवाद दी गई। उपनगर गोला और क्षेत्र के सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुवह ही क्षेत्र में स्थित मस्जिदों पर पहुंच कर ईद उल अजहा का नमाज अदा किया। उपनगर स्थित ईाह, जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, सुभानी मस्जिद, सराय मस्जिद में अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर माँगी। नमाज अदा करने के वाद लोगों ने अपने-अपने घरों पर जाकर वने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों आदि को चख कर लुफ्त उठाया। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार,भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ कसौधन,वसपा नेता मनीष जायसवाल,सभासद अशोक जायसवाल, प्रवंधक मनोज उमर आदि ने मुवारकवाद दी।

# चोरी के आरोप में चार लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

पिपरौली (एसएनबी)। गीडा थाना पुलिस ने आज चार लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। वताया जाता है कि गीडा थाना के ही हरैया गांव के सामुदायिक शौचालय के पास गश्त कर रही पुलिस ने चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया पूछताछ में पता चला कि वह चारों चोर हैं। उनके पास से एक मोटर , नट वोल्ट ,एक लोहे की सरिया ,लोहे का टुकड़ा ,कटर मशीन ,लोहे के छोटे-छोटे अन्य टुकड़े वरामद किए गए । गिरफ्तार किए गए लोगों में सिकंदर पुत्र जगलाल निवासी कालेसर थाना गीडा जनपद गोरखपुर,अवनिश पुत्र ववलू निवासी कालेसर, अंकुर मल्ल पुत्र दिलीप मल्ल निवासी शिवपुरी पाती थाना मधुवन जनपद मऊ(हाल का पता )कालेसर,वसीम अहमद पुत्र ओली मोहम्मद निवासी पिपरौली वाजार थाना गीडा जनपद गोरखपुर को गीडा थाना के उप निरीक्षक सत्यदेव, हेड कांस्टेवल मारकंडेय सिंह, हेड कांस्टेवल सचिन प्रजापति, संजय सिंह ,पप्पू यादव गिरफ्तार करने में शामिल थे।

# 150 नशीली गोलियों के साथ चोर गिरफ्तार

बांसगांव (एसएनबी)। एसएसपी के आदेश पर शातिर अपराधियों के धड़पकड़ के लिए चलाये जा रहे आपरेशन-15 मे वासंगाव थाना अन्तर्गत भीता निवासी अश्वनी कुमार उर्फ पिन्टू तिवारी पुत्र रमेश तिवारी को 20-7-2021 रात्रि 12 वजे मुखवीर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वताया कि अपराधी अश्वनी के पास 150 नशीली गोलियां वरामद हुईं, पूछने पर वह वताया कि इन गोलियों को राहगीरों को खाने पीने वाले सामानों मे मिलाकर खिला देते हैं और अवसर मिलते ही उनका सामान चुरा लेते हैं। वासंगाव पुलिस ने अश्वनी के विरुद्ध मुकदमा संख्या 226/2021 धारा 8/21 एनडीपी एस एक्ट के तहत अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा मे न्यायालय भेजा गया अपराधी अश्वनी तिवारी गावं छोड़ कर टीपी नगर थाना राजघाट मे भी अपराध करने के नियत से रहा करता है। इसके विरुद्ध कैंट थाने मे 379/411 के अन्तर्गत दो मुकदमे दर्ज हैं ।

# बलवा, हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

गोरखपुर (एसएनबी)। मंगलवार को चिलुआताल थाना के उसका गांव में चुनावी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोग वोट नही देने के कारण दरवाजे पर चढ़कर ववाल किया था। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। इस मामले में वुधवार को पुलिस ने मारपीट, वलवा, हत्या का प्रयास सहित गंभीर धाराओं में किया मुकदमा दर्ज किया।

**चिलुआताल में मंगलवार को चुनावी रंजिश को लेकर हुआ था बवाल**

डोहरिया वाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत उसका (दुवी)में प्रधानी चुनाव में वोट ना देने पर जीते हुये पक्ष के दर्जनों लोगों ने घर में घुसकर महिला को मारपीट कर किया था घायल महिला व उसका परिवार मुकदमा दर्ज कराने पहुचे थे थाने पीड़ित प्रदीप यादव का आरोप है कि निर्वाचित प्रधान रामकरन का घर हमारे घर से ग्राम पंचायत के ही उसका गांव जो हमारे घर राजपुर दुवी से एक किलोमीटर की दूरी पर है चुनाव में हम लोगों ने इनको वोट नही किया था यह लोग चुनाव जीत भी गये है उसके वावजूद खुन्नस खाएं लोगों ने हमारे घर पर मंगलवार को चढ़कर हमारे घर की महिलाओं व हमको मारा पीटा जिसमे वहन संगीता व माँ दुर्गावती को चोट आई है। इससे पहले भी 23 जून को दोनों पक्षो में जमकर मारपीट हुआ था जिसमे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे पुलिस ने उस मामले में एनसीआर दर्ज किया था। मंगलवार को हुयी मारपीट का वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ पुलिस इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया था वुधवार को सर्वजीत यादव की तहरीर पर पुलिस ने वलिराम, रामहरख, वलराम, फौजदार, हनुमन्त के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 452, 427, 307, 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी।

# खुद अपहरण की कहानी रचने वाला युवक भेजा गया जेल

गोरखपुर (एसएनबी)। शाहपुर इलाके के कोलकत्ता रेलवे कालोनी निवासी राजेन्द्र कुमार गौड़ पुत्र सत्यनारायण परिजनों से पैसा लेने के लिए राजेन्द्र ने झूठी अपहरण की सूचना दिया था। शाहपुर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर राजेन्द्र को वरामद कर झूठी कहानी का पर्दाफास करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**शाहपुर इलाके के रहने वाला युवक परिजनों से पैसा लेने के लिए अपहरण की रची थी झूठी कहानी**

शाहपुर इलाके का रहने वाला राजेन्द्र कुमार घर से लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी कि उसका अपहरण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस का हाथपाव फूल गया और उसकी तलाश में जुट गयी। इस दौरान दारोगा विज्ञानकर सिंह सिपाही राजकुमार और मिथिलेश कुमार ने युवक की तलाश में लगे थे तभी उसका लोकेशन मिल गया और टीम ने उसे पकड़ लिया। राजेन्द्र ने पुलिस को वताया कि परिवारवालों से पैसा लेने के लिए अपहरण की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में धारा 364 भादवि का विलोपन करते हुए धारा 195 सपठित धारा 364 क,506 भादवि की वढोत्तरी उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक के पास से दो मोवाइल, वुलेट वरामद की है।

# 25 नामजद समेत 40 पर केस

भटहट (एसएनबी)। वीते दिनों गुलरिहा इलाके के पिपरी के जमुनहवा टोला पर पैमाईश के दौरान ववाल हो गया था। इस मामले में लेखापाल ने ग्रामीणों पर सरकारी अभिलेख और गांव का नक्शा फाड़ कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने 25 नामजद समेत 40 ग्रामीणों के खिलाफ सरकारी कार्य में वांधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं जमुनहवा टोला के पुरुष वर्ग के सभी लोग घर छोड़ कर फरार है।

**पैमाइश के दौरान बवाल का मामला**

**सरकारी अभिलेख, गांव का नक्शा फाड़ने का आरोप**

गुलरिहा इलाके के पिपरी गांव के लेखपाल संदीप यादव ने तहरीर में लिखा है कि वीते 12 जुलाई सोमवार के दिन ज्वाईंट मजिस्ट्रेट के निर्देशन पर गठित राजस्व टीम द्वारा जमुनहवा टोला स्थित अराजी नंवर 272, 273 रकवा 0077, 0061 पर निर्माणाधीन चाहरदीवाली हटाने के लिए सीमांकन कराया जा रहा था। इसी दौरान 25 नाजद और 15 अज्ञात ग्रामीणों द्वारा अचानक ईंट पत्थर से हमला कर दिया गया। लेखपाल संदीप कुमार यादव के हाथ से गांव का नक्शा जवरजस्ती छीन कर फाड़ दिया और मारपीट करने लगे जिससे सरकारी कार्य में वांधा उत्पन्न हो गया। पुलिस तहरीर के आधार पर 25 नामजद और 15 अज्ञात समेत कुल 40 ग्रामीणों के खिलाफ धारा 147,148, 323, 353, 332, 506, 427 आईपीसी और 7 अपराधिक अधिनियम के तहत केश दर्ज कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इस संवंध में विवेचक गौरव कनौजिया ने वताया कि अवतक कोई गिरफ्तारी नही हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है। जवकि लेखपाल संदीप यादव से के नंवर पर फोन करने पर महिला ने उठाकर वताया कि वैक्सीन लगवा कर आराम कर रहे है वाद में वात होगी।

## पैमाइश के दौरान हुआ था बवाल

ज्वाईंट मजिस्ट्रेट के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम द्वारा एक कब्जाधारी का कब्जा हटाने की कोशिश की थी इससे भड़के ग्रामीणों ने लेखपाल पर वसूली का आरोप लगाते हुऐ घेर लिया था। पुलिस काफि मशक्कत करके लेखपाल को पुलिस जीप वैठा कर वचाया था। वहीं मौके पर पहुंचे प्रधान पुत्र के गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रधान पुत्र किसी तरह भाग कर अपनी जान वचाई। इस मामले पुलिस प्रधान पुत्र के तहरीर पर 20 नामजद समेत 70 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केश दर्ज कर विवेचना कर रही है। वहीं जमुनहवा गांव के सभी पुरुष वर्ग के लोग गांव छोड़क घटना के वाद से ही फरार चल रहें है।

# सादगी से मना ईद-उल-अजहा का पर्व

गोरखपुर (एसएनबी)। त्याग का पर्व ईद-उल-अजहा वुधवार को शांति, सादगी व परंपरागत तरीके से मनाया गया। छोटों से लेकर वड़ों के चेहरों पर खुशियों की चमक दिखी। उत्साह का माहौल रहा। कोविड गाइडलाइन का पालन किया गया।

वुधवार को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज अलसुवह तैयार होने लगा। सभी ने गुस्ल किया। वच्चों के साथ वड़ों ने भी नया कपड़ा पहना, इत्र लगाया। सिरों पर टोपी सजाई। वच्चों की खुशी का तो कोई ठिकाना नहीं रहा। हाथ में जानमाज ली और चल पड़े इवादतगाह की तरफ। रंग-विरंगी, सफेद पोशाकों से हर जगह एक नूरानी शमां नजर आ रहा था। लोगों की जुवां पर तकवीर-ए-तशरीक की सदाएं थीं। माहौल उत्साहपूर्ण व दिलकश दिखा। जहां जगह मिली, जानमाज विछाई। फिर ईद-उल-अजहा की नमाज का इंतजार शुरु। अकीदतमंदो ने ईदगाह व मस्जिदों के इमामों की तकरीर व पैगाम को ध्यान लगा कर सुना। तकरीरों में कुर्वानी के फजाइल वयान किए गए। एक-दूसरे से भाईचारगी व मोहव्वत का पैगाम दिया गया। इसके वाद मुल्कों मिल्लत में अमन, भाईचारगी, एकता व कोरोना वायरस से निजात की दुआ मांगी गई। हर सिम्त ईद-उल-अजहा मुवारक की सदा गूंजने लगी। छोटे से लेकर वड़ों ने एक दूसरे को मुवारकवाद देनी शुरु की। इसी के साथ ईदी भी वंटनी शुरू हुई। किसी को ईदी में पैसा मिला तो किसी को तोहफा। ईदी पाने के वाद वच्चे वेहद खुश नजर आए। अपना मनपसंद सामान खरीदा। इवादतगाहों व मुस्लिम वाहुल्य मोहल्ले के पास मेले जैसे माहौल नजारा रहा। अल्लाह का फैज लेकर लोग घर वापस लौटे। वहुत से लोग फातिहा पढ़ने कव्रिस्तान भी गए। मौसम खुशगवार वना रहा।

**नमाज अदा कर दी गई कुर्बानी**

### उलेमा-ए-किराम ने की तकरीर

गोरखपुर। कादरिया मस्जिद नखास चौक में कारी मो. मोईनुद्दीन निजामी ने कुर्वानी के फजाइल वयान किए। कहा कि कुर्वानी हमें दर्स देती है कि दीन-एइस्लाम के लिए जव भी जरूरत पड़े तो माल व जान देने से पीछे नहीं  हटना चाहिए। मोती जामा मस्जिद दशहरी वाग रसूलपुर में मुफ्ती खुश मोहम्मद मिस्वाही ने कहा कि कुर्वानी अल्लाह को वहुत प्यारी है। कुर्वानी के गोश्त का तीन हिस्सा कर एक हिस्सा गरीवों को सदका कर दें। दूसरा हिस्सा दोस्त, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को और तीसरा हिस्सा खुद इस्तेमाल करें। सजदों से मस्जिदों को आवाद करें। भाईचारा कायम रखें।

वहादुरिया जामा मस्जिद रहमतनगर में मौलाना अली अहमद ने कहा कि मुसलमानों को नमाज से गाफिल नहीं रहना चाहिए। कुर्वानी में सभी का ख्याल रखिए। यह खुशी मेहमान नवाजी की है। किसी का दिल नहीं टूटना चाहिए।



वेनीगंज ईदगाह में नमाज के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिस वल । फोटो : एसएनवी

## सुबह से शाम तक हुई कुर्बानी

गोरखपुर। नमाज के वाद पैगंवर हजरत इव्राहिम अलैहिस्सलाम व पैगंवर हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्वानी की याद में वकरा, भैंस व पड़वा की कुर्वानी दी गई। जिसका सिलसिला शाम तक चला। शहर के मुस्लिम वाहुल्य इलाकों खूनीपुर, रहमतनगर, शेखपुर, जाफरा वाजार, रेती, उर्दू वाजार, नखास, अस्करगंज, धम्माल, रसूलपुर, जाहिदावाद, वजीरावाद, पुराना गोरखपुर, गोरखनाथ, वुलाकीपुर, वड़े काजीपुर, पिपरापुर, इलाहीवाग, तिवारीपुर, तुर्कमानपुर, वक्शीपुर सहित विभिन्न जगहों पर उत्साह व चहल पहल का माहौल रहा।यहां कुर्वानी का खास एहतमाम किया गया था। घरों के अलावा शहर में चिन्हित तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर सामूहिक कुर्वानी हुई। कुर्वानी के जानवरों को नहला धुलाकर तैयार किया गया। जानवर जिव्ह करने वालों को वुलाया गया, चूंकि जिसकी तरफ से कुर्वानी होती है वह कुर्वानी से पहले कुछ नहीं खाता। कुर्वानी होने के वाद लजीज व्यंजन का जायका लिया। इसके वाद कुर्वानी के गोश्त का तीन हिस्सा किया गया। एक हिस्सा खुद के लिए, एक दोस्त अहवाव व पड़ोसियों के लिए और एक गरीवों व यतीमों में वांटा गया। चमड़ा मदरसों को सदका किया गया। सामूहिक कुर्वानीगाहों पर दूर-दूर से आये लोगों का तांता लगा रहा। औरतों ने मेहमान नवाजी यादगार वनाने के लिए सभी तरह की तैयारियां की हुई थीं। अव समय था उसे अमली जामा पहनाने का। मीठी सेवईयों के साथ लजीज व्यंजन जैसे दही वड़ा, छोला, कवाव, भुनी कलेजी, विरयानी, कोरमा, भुना गोश्त वनाकर तैयार किया। इन लजीज व्यंजनों का मजा लेने के लिए वटर नान, वाकरखानी, शीरमाल वाजार से मंगाया गया। तुर्कमानपुर, इलाहीवाग, गोरखनाथ, नखास, उर्दू वाजार के पास स्थित होटल पर रोटियां लेने वालों की लाइन लगी रही। वहीं यखनी पोलाव भी व्यंजनों की फेहरिस्त में चार चांद लगा रहा था। सभी ने मिलकर लुत्फ उठाया। ईद-उल-अजहा का सारा दिन खुशियों के नाम रहा। कुर्वानी गुरुवार व शुक्रवार को भी होगी।

# धक्के खा रही पब्लिक, डीएम तक पहुंचा भू-माफियाओं का फर्जीवाड़ा

**जन की पोर्टल पर सुनवाई नहीं, सेकेंड वेव की बात कर बच रहे ऑफिसर**

amarendra.pandey @inext.co.in

**GORAKHPUR (21 July):**

**केस 01**

शाहपुर थाना क्षेत्र व सदर तहसील अंतर्गत आने वाले रविंद्र पासवान व मनोज पासवान पुत्र किशोर निवासी महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर-3, तप्पा व परगना-हवेली, तहसील सदर के रहने वाले मनोज बताते हैं कि उनकी प्रॉपर्टी आराजी नंबर-750 पर किसी को भी बैनामा नहीं किया है. लेकिन अवैध कब्जेदारों द्वारा जमीन पर अवैधानिक तरीके से मकान का निर्माण कराया जा रहा है. इसकी शिकायत 24 जून 2021 को डीएम व एसएसपी के यहां कराई गई है. लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है.

**केस 02**


शाहपुर थाना क्षेत्र व सदर तहसील अंतर्गत आने वाली शांति देवी पत्नी बसंत प्रसाद निवासी- जंगल हकीम नंबर-2 स्थित आराजी संख्या 801 रकबा 0.122 पर अवैध कब्जा करने की कोशिश भू-माफियाओं द्वारा किया जा रहा है. इसकी शिकायत सांसद, सीएम और डीएम सभी के पास की गई है. लेकिन इस मामले में अभी तक पीड़िता के मामले को सदर तहसील व जिला प्रशासन द्वारा निस्तारित नहीं किया जा सका है.

### डीएम-एसएसपी के पास है लंबित मामले

भू-माफियाओं की नजरें एक बार फिर जमीनों पर है. बगैर बैनामा या कागजी कार्यवाही के जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है. यह दो केस बानगी भर हैं. ऐसे दर्जन भर से अधिक मामले हैं. जिन पर भू-माफियाओं द्वारा अवैधानिक ढंग से कब्जा किए जाने की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की गई है. वहीं, सबसे ज्यादा मामला पेंडिंग में डीएम के पास है. जनसुनवाई पोर्टल के अनुसार डीएम के पास कुल 443 मामले पेंडिंग है. जबकि दूसरे नंबर पर एसएसपी के पास 440 मामले लंबित शो कर रहा है. जबकि शिकायतों के निस्तारण के लिए जनसुनवाई पोर्टल पर कंप्लेंट करने के 15 दिन के भीतर निस्तारित करने का नियम है.




**i EXCLUSIVE**



PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

| संदर्भ के प्रकार व स्थिति | समस्त | निस्तारण | डिफाल्टर | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| मुख्यमंत्री संदर्भ | 1604 | 1478 | 36 | 90 |
| जिलाधिकारी संदर्भ | 15491 | 14969 | 79 | 443 |
| संपूर्ण समाधान दिवस संदर्भ | 12726 | 12666 | 02 | 58 |
| ऑनलाइन प्राप्त संदर्भ | 1044 | 1022 | 08 | 14 |
| मंडलायुक्त संदर्भ | 59 | 59 | 00 | 00 |
| भारत सरकार (पीजी पोर्टल)संदर्भ | 3481 | 3400 | 32 | 49 |
| डिप्टी सीएम- मंत्री संदर्भ | 48 | 47 | 00 | 01 |
| शासन, राजस्व परिषद, निदेशालय संदर्भ | 166 | 164 | 2 | 0 |
| सीएम हेल्पलाइन संदर्भ | 5396 | 5303 | 4 | 89 |
| एसएसपी संदर्भ | 20234 | 19778 | 16 | 440 |
| आर्थिक मदद संदर्भ | 2936 | 2845 | 51 | 40 |
| महिला हेल्प डेस्क संदर्भ | 20 | 20 | 00 | 00 |
| एंटी- भू-माफिया संदर्भ | 2728 | 2719 | 1 | 8 |
| सीएससी, लोकार्पण संदर्भ | 39 | 39 | 00 | 00 |
| अनुमोदन हेतु प्राप्त सी- श्रेणीकृत संदर्भ | 23684 | 23633 | 33 | 18 |

(नोट: यह सभी फीगर जनसुनवाई पोर्टल के अनुसार 19 जुलाई तक के हैं.)

### डेली आ रहीं 150-200 शिकायत

जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाले डेली शिकायतों की बात करें तो 150-200 शिकायतें डेली आती हैं, इनके निस्तारण के लिए 6 कर्मचारियों की टीम लगाई गई है. जो ई-गवर्नेंस विभाग में बैठकर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संबंधित विभाग के अधिकारियों के लॉगिन पर प्रेषित किया जाता है. इसके साथ ही साथ जहां जिस संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास मामले लंबित रहते हैं, उसके समय से निस्तारित करने के लिए डेली फोन पर फीडबैक लेते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए कहा जाता है. जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाले शिकायतों के निस्तारण के लिए ई-गवर्नेंश विभाग ई-डीएम नीरज श्रीवास्तव की मॉनिटरिंग में अनिरुद्ध कुमार, राघवेंद्र गुप्ता, अंकिता, विनीता व रिंकू कुशवाहा इस कार्य को निभाती हैं.

### इन डिपार्टमेंट में हैं ज्यादा मामले

जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की मानें तो डीएम के पास जो मामले लंबित हैं, उनमें सबसे ज्यादा मामले जमीन पर कब्जे, नगर निगम में सड़क-नाली के निर्माण संबंधित कार्य हैं. जो डीएम ऑफिस से संबंधित विभागों से होकर ही आने पर उसे निस्तारित किया जाएगा. सबसे ज्यादा एसडीएम सदर के पास 90 पेंडिंग मामले हैं. जबकि नगर आयुक्त के पास सबसे ज्यादा मामले यानी 33 शिकायत पेंडिंग होने के कारण जिलाधिकारी संदर्भ में संख्या ज्यादा दिखाई दे रही है. इसके साथ राशन संबंधित मामले को लेकर जो शिकायतें हैं, उसमें खाद्य जिलापूर्ति अधिकारी के पास 11 मामले पेंडिंग हैं. इस प्रकार कुल 443 मामले पेंडिंग है.



### सेकेंड वेव में रहे व्यस्त

डीएम ऑफिस के मुताबिक जिन विभागों में केसेज पेंडिंग शो कर रहे हैं, वे विभाग और वहां का स्टाफ कोरोना की सेकेंड वेव में व्यस्त था. इसलिए केस पेंडिंग हैं, लेकिन इन्हें जल्द ही शॉर्टआउट कर लिया जाएगा. बता दें, बीते दिनों कमिश्नर रवि कुमार एनजी ने भी मीटिंग के दौरान निर्देशित किया था कि जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाले समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित कर आख्या प्रेषित करें.

**GORAKHPUR CALLING!**

अगर आपकी जनसुनवाई से जुड़ी समस्या हो और अधिकारी मनमानी कर रहे हों तो हमें बताएं.

हमें व्हाट्सएप करें
9424322370



जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए ऑलरेडी निस्तारित किए जाने का निर्देश जारी किया गया है. जिस विभाग में मामले पेंडिंग हैं, उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाएगा. शिकायतें डेली आती हैं, इसलिए पेंडेंसी भी जल्द से जल्द खत्म कर दी जाएगी.

**के. विजयेंद्र पांडियन,** डीएम



पब्लिक का समस्याओं के निस्तारण के लिए बनाए गए जनसुनवाई पोर्टल पर समस्याओं के निस्तारण के लिए पहले ही निर्देशित किया जा चुका है, जहां पेंडेंसी होगी. वह भी निस्तारित करा लिया जाएगा.

**रवि कुमार एनजी,** कमिश्नर

# 5 दिन का अल्टीमेटम, अब कैसे टालेंगे एसओ साहब

GORAKHPUR (21 July): पुलिस की लापरवाही अब कॉमन मैन पर भारी पड़ने लगी है. मुकदमा दर्ज होने के बाद भी फरियादियों की सुनवाई नहीं हो रही. आरोपित अरेस्ट नहीं हो रहे. इन दो मामलों से यह कहा जा सकता है कि थानों पर पहुंचने वाली शिकायतों को टालने से थानेदार बाज नहीं आते. पीड़ित परेशान होकर सीनियर पुलिस अधिकारियों के पास पहुंचेंगे तब कहीं जाकर संबंधित थानों की पुलिस हरकत में आएगी. इससे ज्यादा लोग तब हलकान होते हैं जब थाना समाधान दिवस के मामलों का निस्तारण भी नहीं हो पाता. लेकिन अब थाना समाधान दिवस के मामलों को टलना थानेदारों पर भारी पड़ेगा. क्योंकि निस्तारण के लिए 5 दिन का समय निर्धारित कर दिया गया है.

**केस 01**

**● आरोपी पर मेहरबान दरोगा**

मामूली मामलों की शिकायत पर तेजी दिखाने वाली चौरीचौरा पुलिस नाबालिग संग बदसलूकी के केस में लापरवाही बरत रही है. मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपित की गिरफ्तारी में लापरवाही का आरोप पीड़ित लगा रहे हैं. 5 जून को चौरीचौरा एरिया के पीड़ित ने नाबालिग बेटी संग बदसलूकी की सूचना पुलिस को दी. आपसी विवाद बताकर पुलिस ने टाल दिया. पीड़ित परिवार ने जब अधिकारियों की गुहार लगाई तो किसी तरह से केस दर्ज हुआ. 11 जून को पुलिस ने डुमरीखास निवासी आरोपित वीरेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया. लेकिन विवेचक कार्रवाई से हिचक रहे हैं.

**केस 02**

**● साइबर फ्रॉड में अप्लीकेशन लेकर गए भूल**

गोरखनाथ एरिया के शास्त्रीपुरम मोहल्ला निवासी रितेश कुमार के साथ मई 2020 में फ्रॉड हुआ था. टेलीग्राम के जरिए फर्जीवाड़ा करते हुए साइबर जालसाजों ने 5 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया. इसकी शिकायत उन्होंने एसपी क्राइम से की, लेकिन अब तक कार्रवाई नही हो सकी. पीड़ित का कहना है कि साइबर सेल ने उनका अप्लीकेशन रख लिया. इसके बाद कोई कार्रवाई नही हुई.

### यह की जा रही व्यवस्था

- थाना समाधान दिवस हर माह दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित किए जाएंगे.
- थानों पर कोविड प्रोटोकॉल के तहत फरियादियों की समस्या सुनी जाएगी.
- समस्या के निस्तारण के लिए पांच दिन का समय निर्धारित किया गया है.
- जिला स्तर पर एएसपी को नोडल अफसर नियुक्त किया जाएगा.
- मामलों के निस्तारण की मॉनिटरिंग नोडल अफसर करेंगे.
- थाना दिवस खुली जगहों पर होंगे, जहां आवेदकों के बैठने की व्यवस्था हो.
- इस दौरान सभी को मास्क पहनने सहित अन्य जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया जाएगा. थाना समाधान दिवस पर जोनल और रेंज के पुलिस अफसर मोबाइल रहकर निरीक्षण करेंगे.

### एसएसपी व एसपी को जारी हुए निर्देश

थानों पर आने वाले मामलों के अतिरिक्त समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारण समय से नहीं किया जा रहा है. इसकी शिकायत शासन तक पहुंची है. इसलिए सभी एसएसपी और एसपी को पत्र जारी करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने शिकायतों को दूर करने के लिए पांच दिन का समय निर्धारित किया है.





**"शासन के आदेशानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी. इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं. पब्लिक की समस्याओं को टालने, उनको परेशान करने वाले थानेदारों के खिलाफ जिलों के कप्तान कार्रवाई करेंगे. इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं की जाएगी.**

**अखिल कुमार,** एडीजी जोन

# क्राइम कंट्रोल के लिए बिजनेसमैन बनेंगे पुलिस की 'तीसरी आंख'

**बिजनेसमैन के साथ मीटिंग में एसएसपी ने की दुकानों में कैमरे लगवाने की अपील**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 July):** सिटी में क्रिमिनल्स की निगहबानी बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है. एक ओर जहां सेफ सिटी योजना के तहत करीब 196 जगहों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जाएगा. वहीं, दुकानों में लगे कैमरों की जद में सड़कें आएंगी. शहर के व्यापारियों संग मीटिंग करके एसएसपी दिनेश कुमार पी ने दुकानों में अधिक से अधिक कैमरे लगवाने की अपील की है. एसएसपी ने कहा, दुकानों के अंदर और बाहर ऐसे कैमरे लगवाए जाएं, जिससे हर किसी पर नजर रखी जा सके.

### लूटपाट, छिनैती सहित अन्य घटनाओं में होगी रोकथाम

शहर में होने वाली घटनाओं में शामिल बदमाशों की धर-पकड़ के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का इस्तेमाल कर रही है. फुटेज के जरिए ही घटना में शामिल संदिग्धों की पहचान भी हो रही है. इसलिए शहर के भीतर सीसीटीवी कैमरों को लगाने



पर जोर दिया जा रहा है. पुलिस का मानना है कि कैमरों से लूटपाट और छिनैती सहित अन्य वारदातों रोकथाम में मदद मिलेगी.

### 196 स्थान हुए चिन्हित, सेफ सिटी में प्रोजेक्ट

सेफ सिटी योजना के तहत शहर के प्रमुख मार्केट, मोहल्ले, गलियां, चौराहे और तिराहा समेत 196 स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे. इसकी लिस्ट पुलिस ने नगर निगम को सौंप दी है. सभी जगहों को कैमरों की जद में लाने की तैयारी चल रही है. तकरीबन हर जगह दो से तीन कैमरे इंस्यल करने की तैयारी है. शहर में कैमरे लगाने के लिए पुलिस व्यापारियों और दुकानदारों की मदद लेगी. पूर्व में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर थानेदार को कैमरे लगवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. अभियान चलाकर सभी थानेदारों ने अपने-अपने एरिया में चौकी इंचार्ज की मदद से दुकानों पर कैमरे लगाने का प्रयास किया. लेकिन कोरोना कर्फ्यू के बीच अभियान सुस्त पड़ गया. व्यापारियों की मीटिंग में एसएसपी ने सभी से अच्छी क्वालिटी के कैमरे लगवाने को कहा है.

### इन चौराहों पर लगे कैमरे

नौसढ़, टीपीनगर, रुस्तमपुर, पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, काली मंदिर, गणेश चौराहा, बेतियाहाता और कचहरी चौक.

# अनोखा अपहरण: बेटे ने मां से गूगल पे पर मांगी ₹50 हजार की फिरौती

**शाहपुर में मां ने ही दर्ज कराया था बेटे के अपहरण का केस, पुलिस ने अरेस्ट कर भेजा जेल**

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पुलिस ने युवक को किया अरेस्ट.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 July):** शाहपुर एरिया के कलकत्ता रेलवे कॉलोनी निवासी रेलवे कर्मचारी के बेटे ने अपनी किडनैपिंग की कहानी गढ़कर मां से 50 हजार रुपए की फिरौती मांगी. गूगल पे से पेमेंट करने की बात होने पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से अपहत बेटे को बरामद कर लिया. पूछताछ में बेटे ने अपहरण और फिरौती की कहानी बयां कर दी. जरूरत पूरी करने के लिए उसने अपने घरवालों को अपहरण की सूचना दी. सीओ गोरखनाथ ने बताया कि अपहरण की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई. सर्विलांस की मदद से धर्मशाला के पास युवक को बरामद कर लिया गया. झूठी सूचना देने, अपहरण की कहानी बनाने और फिरौती मांगने के आरोप में उसके खिलाफ केस दर्ज करके कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट के आदेश पर युवक को जेल भेज दिया गया.

### घर नहीं पहुंचा, मां ने दी पुलिस को सूचना

शाहपुर एरिया के कलकत्ता कॉलोनी निवासी सत्यनारायण लाल रेलवे कर्मचारी हैं. उनका बेटा राजेंद्र गौंड नगर निगम से जुड़ा हुआ कैजुअल कर्मचारी है. 20 जुलाई की देर रात राजेंद्र की मां तहरीर लेकर थाने पर पहुंची. उन्होंने बताया कि बेटा घर से लापता है. मां ने बेटे संग किसी तरह की अनहोनी की आशंका जताई. पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी. जांच के दौरान बेटे की भूमिका पर पुलिस को संदेह हुआ.

### अपहरण की बात करके मां से फोन पर मांगे रुपए

पुलिस की जांच पूरी हो पाती. इसके पहले बुधवार की सुबह बेटे ने अपने मां के पास फोन किया. उसने बताया कि कुछ लोगों ने उसे उठा लिया है. एक कमरे में बंधक बनाकर रख दिए हैं. उसे छोड़ने के बदले में 50 हजार रुपए मांग रहे हैं. अपहरणकर्ता गूगल पे पर पैसा भेजने को कह रहे हैं. बेटे को मुसीबत जानकर मां-बाप पुलिस के पास पहुंचे. सर्विलांस की मदद से पुलिस ने उसे धर्मशाला के पास से अरेस्ट कर लिया. सख्ती दिखाने पर उसने अपहरण की कहानी बता दी. उसने कहा कि खर्च के लिए उसके पास पैसे नहीं थे. उसे लगा कि मां से आसानी से रुपए मिल जाएंगे.

> **युवक के अपहरण की कहानी रचने वाले युवक को अरेस्ट कर लिया है. उसने खुद ही गायब होकर मां से 50 हजार की फिरौती मांग ली. सर्विलांस के जरिए पुलिस उस तक पहुंची.**
>
> **रत्नेश कुमार सिंह,** सीओ गोरखनाथ

Hindustan5.webp

Hindustan4.webp

Hindustan3.webp

# दहेज हत्या के अभियुक्त सास-ससुर को जेल

**कैम्पियरगंज।** क्षेत्र के मुहम्मदपुर उर्फ हगना गांव में दहेज उत्पीड़न करने तथा बहू को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले सास-ससुर को जेल भेज दिया।

मुहम्मदपुर उर्फ हगना में 27 मई को घर के अंदर जगदीश की पत्नी 28 वर्षीया संजनी का रस्सी में बंधा कुंडी से लटकता शव पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता महराजगंज के दुर्गापुर अदरौना निवासी चिनक ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया था। बुधवार को अभियुक्त ससुर रामप्रीत व सास बरसाती पत्नी रामप्रीत को गिरफ्तार किया। इसके पूर्व पति जगदीश निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# मां ने रुपये नहीं दिए तो गढ़ दी खुद के अपहरण की कहानी

**जासं, गोरखपुर :** मां ने मांगने पर रुपये नहीं दिए तो बेटे ने खुद के अपहरण की कहानी रच डाली। सोमवार की रात वह घर से अचानक कहीं निकल गया और मां को फोन कर कहा कि बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया है और पचास हजार रुपये फिरौती मिलने पर ही छोड़ेंगे। इस सूचना से परेशान मां ने मंगलवार की सुबह शाहपुर थाने को सूचना दी। पुलिस ने जब बेटे को पकड़ा तो उसने सचाई कबूल ली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया। वह पहले भी लूट के मामले में जेल जा चुका है।

पुलिस के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के कलकत्ता रेलवे कालोनी में रह रहे राजेंद्र कुमार गौड़ ने खुद को अगवा किए जाने की कहानी गढ़ी थी। मां की तहरीर के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो उसके मोबाइल की लोकेशन बुधवार सुबह कालोनी के पास मिली। इसके बाद पुलिस ने वहां पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने बताया कि मांगने पर भी मां रुपये नहीं दे रही थी तो उसे यही तरीका सूझा। प्रभारी उपनिरीक्षक नगर इमाम ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया गया। वह पहले भी लूट के आरोप में जेल जा चुका है।

### विश्वासघात

- पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा
- लूट के आरोप में पहले भी जेल जा चुका है आरोपित

### नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर :** गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार की रात हरसेवकपुर नंबर दो से गोरखनाथ क्षेत्र के चकसाहुसैन पचपेड़वा निवासी अभिमन्यु चौहान के पास से 132 नशीली गोली बरामद किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। (जास)

Hindustan1.webp

# बंद फैक्ट्रियों में चुराते थे कबाड़, चार पकड़े गए

**जासं, पिपरौली :** गीडा पुलिस ने बंद फैक्ट्रियों से कबाड़ चुराने वाले गिरोह का बुधवार को पर्दाफाश किया है। गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

कालेसर निवासी सिकंदर व अवनीश, शिवपुरी पाती निवासी अंकुर मल्ल तथा पिपरौली निवासी वसीम अहमद को चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गीडा इलाके में बंद पड़ी फैक्ट्रियों से कबाड़ चोरी होने की पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बुधवार को सुबह हरैया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास चार युवकों के संदिग्ध अवस्था में मौजूद होने की सूचना मिली। गीडा थाने की पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपितों को हिरासत में लिया।



पूछताछ करने उन्होंने फैक्ट्रियों से चोरी करने की बात कबूल की।

# लेखपाल पर हमले के आरोप में 40 पर मुकदमा

**जासं, भटहट :** गुलरिहा के ग्राम पंचायत पिपरी के जमुनहवा टोले में लेखपाल पर हमले के आरोप में बुधवार को पुलिस ने 40 व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों में 25 नामजद व 15 अज्ञात हैं।

12 जुलाई की शाम करीब चार बजे पुलिस की मौजूदगी में राजस्व कर्मी जमुनहवा टोले में कब्जा हटवा रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने लेखपाल संदीप कुमार पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने प्रधान पुत्र प्रमोद सिंह का चौपहिया वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया था। बुधवार को लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही बलराम निषाद, राजाराम निषाद, विष्णु, उपेंद्र, खजांची, चंडी प्रसाद, सत्यपाल, सौरभ सहित 25 नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

# जोन में चलेगा आपरेशन तफ्तीश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जोन में लंबे समय से लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के लिए अब कप्तान से लगायत एडिशनल एसपी और सीओ की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उनकी जिम्मेदारी होगी कि लंबित मामले में विवेचनाधिकारी की कार्यशैली पर निगाह रखें और उसे विवेचना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करें।

अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने इसके लिए जोन में आपरेशन तफ्तीश चलाए जाने का आदेश जारी किया है। जोन के प्रत्येक जिले में इसके लिए तीन श्रेणी में सूचनाएं तैयार कराई जा रही हैं। लंबित मामलों की सूची तीन माह से कम, छह माह से कम और छह माह से अधिक लेकिन दो वर्ष से कम के क्रम में तैयार कराई जा रही हैं।

लंबे समय से लंबित जालसाजी, हत्या, लूट के मामलों में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं। इसके निस्तारण के लिए एडीजी ने जोन के सभी पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया है कि वह जिले में लंबे समय से लंबित विवेचनाओं की सूची तैयार कर लें। इन विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो, ताकि लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आपरेशन तफ्तीश के तहत पुराने लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिये गए हैं। हर जिले में इसकी शुरुआत भी हो गई है। इसकी समय-समय पर जांच भी की जाएगी। पीड़ितों को इससे राहत मिलेगी।

**छह माह से अधिक व दो वर्ष कम समय के लंबित मामले**

| | |
|---|---|
| गोरखपुर | 992 |
| देवरिया | 41 |
| कुशीनगर | 256 |
| महराजगंज | 55 |
| बस्ती | 37 |
| संतकबीरनगर | 31 |
| सिद्धार्थनगर | 21 |
| गोंडा | 34 |
| बलरामपुर | 26 |
| बहराइच | 54 |
| श्रावस्ती | 15 |

**एडीजी का फरमान**

- तीन श्रेणी में बांटी जाएंगी लंबे समय से लंबित विवेचनाएं
- कप्तान के साथ ही एडिशनल एसपी और सीओ की जवाबदेही तय होगी

**सर्वाधिक लंबित मामले**

गोरखपुर 992

**सबसे कम लंबित मामले**

श्रावस्ती 15

जोन में कुल लंबित मामले 1562

## चोरी के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**पिपरौली।** गीडा पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान कालेसर निवासी सिकंदर, अवनीश, अंकुर और वसीम अहमद के रूप में हुई। उनके पास से चोरी की मोटर, शटर का सामान आदि बरामद हुआ है। ब्यूरो

## नशीली दवा के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। बांसगांव और गुलरिहा की पुलिस ने नशीली दवा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गोरखनाथ के चक्साहुसैन निवासी अभिमन्यु चौहान और भीता गांव निवासी अश्वनी कुमार के रूप में हुई। कौड़ीराम रोड से पकड़े गए अश्वनी के पास 150 नशे की गोलियां मिलीं। गुलरिहा प्रतिनिधि के मुताबिक, पुलिस ने हरसेवकपुर नंबर दो शिवमंदिर टोला के पास से अभिमन्यु को पकड़ा। उसके पास 132 नशे की गोलियां मिलीं। ब्यूरो



घंटाघर बड़ी मस्जिद के सामने एडीएम सिटी राकेश कुमार श्रीवास्तव, साथ में उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला आदि ने जायजा लिया। संवाद

# अधिकारियों की निगरानी में पूरी होंगी लंबित विवेचनाएं

## एडीजी ने की पहल, जोन में 1564 मामलों की विवेचना छह महीने से अधिक समय से हैं लंबित

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जोन के पुलिस अफसरों की निगरानी में लंबित मामलों की विवेचनाएं जल्द पूरी की जाएंगी। इसके लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने ऑपरेशन तफ्तीश चलाने का आदेश दिया है। इस काम में एसपी, सीओ रैंक के अफसरों की भी मदद ली जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, जालसाजी या अन्य केस जिसकी विवेचना काफी समय से लंबित होने पर पुलिस पर सवाल उठते हैं। ऐसे मामलों को निपटाने के लिए एडीजी ने पहल की है।

एडीजी ने जोन के सभी एसएसपी, एसपी को निर्देशित किया है कि वे अपने जिले में ऐसी विवेचनाओं की सूची तैयार कर लें, जिसे प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा सके। उनका मानना है कि केस दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई न होने से लोगों का भरोसा पुलिस पर कम हो जाता है। पीड़ित बार-बार अफसरों के यहां चक्कर काटकर परेशान होते हैं। एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि ऑपरेशन तफ्तीश के तहत पुराने मामलों को निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। हर जिले में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है।

### एडीजी ने जारी किया आदेश एसपी, सीओ रैंक के अफसर करेंगे निगरानी

### ये हैं लंबित मामले

गोरखपुर में 992, देवरिया में 41, कुशीनगर में 256, महराजगंज में 55, बस्ती में 37, संतकबीरनगर 31, सिद्धार्थनगर में 21, गोंडा में 34, बलरामपुर में 26, बहराइच में 54, श्रावस्ती में 15

# लेखपाल पर हमले के आरोपितों पर केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गुलरिहा (गोरखपुर)।** गुलरिहा इलाके के पिपरी के जमुनहवा टोले में अवैध कब्जा हटाने के दौरान 12 जुलाई को लेखपाल पर हमले के आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया गया है। लेखपाल से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 25 नामजद और 15 अज्ञात ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है। मंगलवार की रात पुलिस ने लेखपाल संदीप की तहरीर पर मारपीट, बलवा, धमकी, सरकारी काम में बाधा सेवन सीएलए धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

जमुनहवा टोले में 12 जुलाई शाम चार बजे राजस्व टीम व पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाया जा रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों ने लेखपाल पर हमला कर दिया था। किसी तरह लेखपाल को बचाया जा सका। इंस्पेक्टर विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पिपरी के जमुनहवा टोले में 12 जुलाई को किया था हमला

### ये हैं नामजद आरोपी

बलराम निषाद, राजाराम निषाद, विष्णु, उपेंद्र, खजांती निषाद, श्रीराम निषाद, रामप्रसाद, राजन कुमार, पवन, पूजा, सोहराती, दुर्गेश, सत्यपाल मिश्रा, सौरभ मिश्रा, राधेश्याम मिश्र, दुर्गावती, नेहा मिश्रा, नीलम, अखिलेश गुप्ता, गुड्डी, अजय निषाद, गणेश, दीपक मिश्रा, कौशल किशोर, चंडी मिश्रा।

# आरोपितों के घर पहुंची पुलिस तेज की गई दस्तावेज की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

## साधु शरण की मौत के मामले में पुलिस ने दो पर दर्ज किया था केस

**गोरखपुर।** अपनी जमीन की खतौनी ठीक कराने और कब्जा पाने की कोशिश के दौरान बीते शनिवार को तहसील परिसर में दम तोड़ने वाले साधु शरण के प्रकरण की पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन तेज कर दी है। उधर, तहसील प्रशासन ने भी साधु शरण की जमीन की जांच तेज कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, साधु शरण के पास 34 डिस्मिल जमीन थी। इसमें से उन्होंने 11 डिस्मिल जमीन वर्ष 2014 में बेच दी थी। उन्होंने कुछ और जमीन का सौदा एक कारोबारी से किया था। उससे एग्रीमेंट भी हुआ था। मृत साधु शरण की पोती ज्योति ने यह आरोप लगाया था कि एग्रीमेंट के बाद कोई धनराशि नहीं मिली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर



18 जुलाई को प्रकाशित खबर।

सोमवार की देर रात खजनी के कटघर निवासी राम प्रताप सिंह और खुटभार निवासी अयोध्या मद्धेशिया पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी और धमकी का केस दर्ज किया है। पुलिस इन दोनों के घर पहुंची। खजनी के थानेदार अजय कुमार मौर्या ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घरवालों से रुपये ऐंठने को किया अपहरण का नाटक, दबोचा गया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के कलकत्ता रेलवे कॉलोनी के राजेंद्र गौड़ ने मंगलवार को घरवालों से रुपये पाने के लालच में अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी। पुलिस ने राजेंद्र के खिलाफ अपहरण की साजिश रचने, झूठी सूचना और धमकी देने का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह के मुताबिक, शाहपुर इलाके के कलकत्ता रेलवे कॉलोनी निवासी सत्यनारायण लाल रेलवे कर्मचारी हैं। उनका पुत्र राजेंद्र गौड़ मंगलवार को लापता हो गया था। अपहरण की

## शाहपुर इलाके की घटना पुलिस की जांच में खुलासा

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और फिर अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान राजेंद्र गौड़ पर ही शक हुआ। बुधवार को पुलिस ने उसे शाहपुर इलाके के एक मकान से पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि उसे रुपये की जरूरत थी और घरवाले देने के लिए तैयार नहीं थे। उसे लगा कि इस तरह से वह घर से आसानी से रुपये पा सकता है। इसी वजह से उसने फर्जी अपहरण की कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर घटना का पर्दाफाश कर राजेंद्र को ही आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है।

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021

# परिजनों के डांट से आहत किशोरी पहुंची गोरखपुर

**भलुअनी (एसएनबी)**। किसी बात को लेकर परिजनों ने एक किशोरी डांट फटकार लगायी तो वह क्षुब्ध होकर घर से निकलकर गोरखपुर पहुंच गयी। परिजनों द्वारा किशोरी के गायब होने की सूचना मंगलवार को स्थानीय थाने में दी। सूचना पाकर हरकत में आयी पुलिस ने गायब किशोरी के खोज में जुट गयी। भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरापूरन निवासी श्रवण मल्ल पुत्र रामेश्वर मल्ल ने पुलिस को फोन कर सूचना दी कि उसकी चचेरी बहन सपना मल्ल पुत्री बालेश्वर मल्ल को घर से डांट पड़ने के कारण वह घर छोड़कर कहीं चली गयी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन उसका पता नहीं चल सका और अनहोनी की घटना से परिजन आशंकित होने लगे। गायब होने की सूचना पर थानाध्यक्ष सुदेश शर्मा ने हमराही द्वारा खोजबीन किया गया तो पता चला कि लड़की गोरखपुर एक निजी अस्पताल में अपना इलाज कराने और दवा लेने गयी है। एसओ ने पुलिस को गोरखपुर भेजकर किशोरी को भलुअनी लाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। किशोरी के घर आ जाने से परिजनों ने राहत की सांस ली।

हिन्दुस्तान दि. 22/7/21

# युवती को युवक लेकर हुआ फरार, पुलिस ने दबोचा

देवरिया | निज संवाददाता

रिश्तेदारी में आई एक युवती को लेकर गांव का एक युवक 22 दिन पूर्व उसे लेकर फरार हो गया। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले आरोपी और युवती को सदर कोतवाली पुलिस ने शहर के एक स्थान से दबोच लिया है। आरोपी युवक को सदर कोतवाली पुलिस ने हिरासत लेकर पूछताछ कर रही है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दूसरे गांव की युवती की रिश्तेदारी है। युवती कई बार रिश्तेदारी में आती जाती थी। बार-बार यहां आने से गांव के एक युवक से उसका प्रेम संबंध हो गया। इस बार जब युवती आई तो 22 दिन पूर्व युवक उसे लेकर फरार हो गया। परिवारवालों ने सलेमपुर कोतवाली में मामला दर्ज कराया। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है। सर्विलांस से युवक और युवती की लोकेशन शहर के एक स्थान पर मिली। सदर कोतवाल राजू सिंह ने दोनों को एक मोहल्ले से दबोच लिया।

## दुस्साहस

- सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है युवक
- सदर कोतवाली पुलिस ने एक मोहल्ले से दबोचा

हिन्दुस्तान दि. 22/7/21

### मामूली बात पर सगे चाचा, चाची और बाबा ने मिलकर कर दी थी हत्या

# किशोरी की हत्या में 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**फॉलोअप**

**रामपुर कारखाना | हिन्दुस्तान संवाद**

किशोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मामूली बात पर सगे चाचा, चाची और बाबा ने मिलकर किशोरी की पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को नदी में फेंकने का भी प्रयास किया था। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के सवरेजी खर्ग निवासी अमरनाथ पासवान पंजाब के लुधियाना में प्राइवेट नौकरी करते हैं। सोमवार को मामूली बात पर उनकी बेटी नेहा( 15 ) को जमकर पीट दिया। पिटाई से नेहा मूर्छित होकर गिर पड़ी। इलाज कराने के बहाने आरोपियों ने उसे एक टेंपो पर लाद कर जिला अस्पताल की ओर ले चले। आरोप है कि किशोरी की मौत हो जाने के बाद आरोपी उसे लेकर देवरिया कसया मार्ग स्थित पटनवापुल पर पहुंचे। आरोपियों ने किशोरी के शव को लोहे के पुराने पुल से नदी में फेंकने का प्रयास किया। लेकिन उसका एक पैर पुल की रेलिंग में फंस गया और वह उल्टा होकर लटक गई। यह देख आरोपी घबरा कर वहां से भाग निकले। सुबह जानकारी मिलने पर रामपुर कारखाना, तरकुलवा और महुआडीह पुलिस ने छानबीन शुरू की। पहचान होने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन तेज कर दी। देर रात किशोरी की मां शकुंतला देवी की तहरीर पर अरविंद, व्यास, परमहंस, भगना, गुड्डी, पूजा, पन्ने लाल, राहुल और चालक हसनैन समेत 10 लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। थानाध्यक्ष राम मोहन सिंह ने कहा कि किशोरी की मां की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हत्या की फर्जी सूचना पर हलकान रही पुलिस

**बरहज | हिन्दुस्तान संवाद**

हत्या की दी गई एक फर्जी सूचना पर बुधवार को बरहज पुलिस घंटों परेशान रही। गांव पहुंची पुलिस ने सूचना देने वाली महिला से पूछताछ की। बाद में पुलिस दो लोग को हिरासत में लेकर थाने आई। थाने में बैठाए गए दोनों लोग से पूछताछ जारी है।

क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने सुबह के समय पुलिस को फोन करते हुए बताया कि उसके गांव में पप्पू नाम के एक युवक की हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस घटना स्थल पहुंची। गांव पहुंचे एसआई वीरेन्द्र मौर्य, कां. ऋषिमुनि चौधरी, रामराज यादव, निरंजन सरोज ने मामले की पड़ताल की। बाद में फोन करने वाली महिला से पूछताछ करते हुए गांव में पप्पू नाम के युवक की तलाश की। तलाशी के दौरान पुलिस ने गांव के ही एक पप्पू नाम के व्यक्ति व रंजीत को हिरासत में लिया। दोनों व्यक्तियों को थाने ले गई पुलिस पूछताछ में जुटी है। घटना की छानबीन करने में पुलिस करीब तीन घंटे तक काफी परेशान रही। एसएचओ टीजे सिंह ने बताया है कि हत्या की दी गई एक फर्जी सूचना पर पुलिस घंटों परेशान रही। मामले में पप्पू व रंजीत को हिरासत में लेते हुए पूछताछ जारी है। शांति भंग की आशंका में दोनों लोग का चालान किया जाएगा।

दैनिक जागरण दि 22/7/21

# अपहृत किशोरी बरामद, आरोपित हिरासत में

जासं, देवरिया: रामनाथ देवरिया में किशोरी को अपहृत कर रखे एक युवक को कोतवाली पुलिस ने शाम को उठा लिया। साथ ही किशोरी को महिला थाने में रखा गया है। पुलिस ने मकान मालिक को भी इस मामले में हिरासत में ले लिया है।

महराजगंज जनपद की रहने वाली एक किशोरी की रिश्तेदारी सलेमपुर कोतवाली के चकमुकाम अली में है। कुछ माह पहले किशोरी अपने रिश्तेदारी आई थी। इस बीच किशोरी को अपनी बातों में गांव का एक युवक ले लिया और उससे शादी रचाने का झांसा देकर लेकर फरार हो गया। 18 दिनों से देवरिया शहर के रामनाथ देवरिया में किशोरी को लेकर रह रहा था। जब किशोरी के स्वजन सलेमपुर कोतवाली पुलिस पर दबाव बनाने तो पुलिस सक्रिय हो गई।

---

अमर उजाला दि 22/7/21

# किशोरी की हत्या में 10 लोगों पर केस आरोपी चाचा व टेंपो चालक गिरफ्तार

## मामूली बात पर चाचा, चाची और बाबा ने मिलकर की थी किशोरी की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामपुर कारखाना।** किशोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने दस लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोपी चाचा और टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मामूली बात पर सगे चाचा, चाची और बाबा ने मिलकर किशोरी की पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को नदी में फेंकने का प्रयास किया था। लेकिन पुल के रेलिंग में किशोरी के फंस जाने से मामला उजागर हो गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

अमर उजाला फॉलोअप

महुआडीह थाना क्षेत्र के संवरेजी खर्ग निवासी अमरनाथ पासवान पंजाब के लुधियाना में प्राइवेट नौकरी करते हैं। सोमवार को मामूली बात पर अमरनाथ के सगे भाइयों ने शकुंतला देवी की पिटाई शुरू कर दी। बचाव करने पहुंची पुत्री नेहा को भी आरोपियों ने जमकर पीट दिया। पिटाई से नेहा मरणासन्न होकर गिर पड़ी। इलाज कराने के बहाने चाचा अरविंद उसे टेंपो से जिला अस्पताल की ओर ले गए। टेंपो हसैनन चला रहा था। आरोप है कि किशोरी की मौत के बाद आरोपी उसे लेकर देवरिया कसया मार्ग स्थित पटनवापुल पर पहुंचे। आरोपियों ने शव को लोहे के पुराने पुल से नदी में फेंकने का प्रयास किया। लेकिन एक पैर पुल की रेलिंग में फंस गया और शव लटक गया। यह देख आरोपी घबरा कर वहां से भाग निकले। सुबह जानकारी होने पर रामपुर कारखाना, तरकुलवा और महुआडीह पुलिस ने छानबीन शुरू की। पहचान होने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन तेज कर दी। देर रात किशोरी की मां शकुंतला देवी की तहरीर पर पुलिस ने अरविंद, व्यास, परमहंस, भगना, गुड्डी, पूजा, पन्ने लाल, राहुल और चालक हसनैन समेत 10 लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने चालक और चाचा अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है। महुआडीह थानाध्यक्ष राम मोहन सिंह ने कहा कि किशोरी की मां की तहरीर पर 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमर उजाला दि. 22/7/21

# मस्जिदों में 50 लोगों ने अदा की नमाज

## मुल्क की सलामती की दुआ मांगी, चौकन्ना रहा प्रशासन

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। त्याग और बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा कोरोना प्रोटोकॉल के दायरे में मनाया गया। मस्जिदों में सिर्फ 50 लोगों ने नमाज अदा की। बाकी लोग घर में नमाज पढ़कर कुर्बानी की रस्म अदा की।

जमा मस्जिद और ईदगाह में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर सिर्फ 50 लोगों ने नमाज अदा की और मुल्क की सलामती, अमन ओ आमान की दुआ मांगी। कोरोना की महामारी को देखते हुए पुलिस प्रशासन काफी चौकन्ना रहा। हर मस्जिद और ईदगाह पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। अधिकांश लोगों ने ईद उल अजहा का नमाज अपने घरों में अदा की। उन्होने अल्लाह की राह में बकरे की कुर्बानी दी। कुर्बानी का कार्यक्रम तीन दिन चलेगा। कुर्बानी स्थल पर नगर पंचायत की ओर सफाई के लिए पानी का टैंक्कर लगाया गया। ईदगाह में मौलाना असलम ने मामूली लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग में नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि दो साल से देश और दुनिया कोरोना संकट से जूझ रही है। हमने परवर दिगारेआलम से दुनिया में बसे सभी अवाम की सलामती की दुआ मांगी है। महामारी से मुक्ति पाने के लिए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना हर शख्स के लिए अहम है। उन्होंने लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल के दायरे में रहकर जीवन को सुरक्षित रखने की अपील की। क्षेत्र के गाजीपुर भैसही, निबही, मदनपुर, इस्लामाबाद, इश्वरपुरा, खोपा आदि गांवों में स्थित मस्जिदों में पांच से दस लोगों ने नमाज अदा की। इन गांवों में भी लोग अपने घरों में नमाज अदा किए। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय, सीओ अंबिका प्रसाद, कोतवाल बृजेश कुमार मिश्र की गाड़ी दिनभर दौड़ती रही।



रुद्रपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद में पढ़ी गई नमाज। - संवाद

## मुस्तैद रहा प्रशासन, सादगी से मना त्योहार

**बरहज।** नगर क्षेत्र में सादगी के साथ ईद-उल-अजहा मनाया गया। लोगों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए घरों और मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की। जगह-जगह प्रशासन मुस्तैद रहा। बुधवार की सुबह नगर के ईदगाह, नाका, पटेलनगर मस्जिदों सहित कपरवार, पैना, भलुअनी, मगहरा, करुअना, सोनाड़ी, करायल आदि क्षेत्रों की मस्जिदों में लोगों ने मॉस्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए नमाज अदा की। नगरपालिका की ओर से मोहल्लों और सड़कों पर साफ-सफाई, चूना आदि गिराया गया था। एसडीएम संजीव कुमार यादव, एसडीएम न्यायिक सुनील कुमार सिंह, सीओ देव आनंद हालात पर नजर रखे हुए थे। जबकि इंस्पेक्टर टीजे सिंह, थानाध्यक्ष भलुअनी सुदेश शर्मा, वीरेंद्र मौर्य, शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुमित राय, छोटेलाल आदि सुबह से ही सुरक्षा इंतजाम में डटे हुए थे। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021

# लूट के प्रयास के मामले में वाँछित अभियुक्त एक अदद मोटरसाईकिल व अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार



कुशीनगर। सेवरही पुलिस ने लूट के मामले में वांछित अभियुक्त को एक अदद घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अबैध शस्त्र के साथ दबोचने में कामयाबी पायी है।

बता दे, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ए0 पी0 सिंह के पर्यवेक्षेण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज फूलचंद कनोजिया के नेतृत्व में कुशीनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को सेवरही थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी की टीम द्वारा थाना क्षेत्र के तिवारी पट्टी बाजार के आगे मंझरिया मोड़ के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त धीरज जायसवाल पुत्र रामनरेश जायसवाल साकिन सुराजी बाजार थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को एक अदद देशी तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतुस 12 बोर व एक अदद खोखा 12 कारतूस बोर तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाईकिल वाहन सं UP 57 AW 1503 के साथ वाहन चेंकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुकामी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट बनाम धीरज जायसवाल पृथक से पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी हो की बुधवार को पडरौना-तमकुही मार्ग पर थानाध्यक्ष सेवरही महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ,उ0नि0 सभाजीत सिंह ,उ0नि0 शनि कुमार जावला ,उ0नि0 राजेश कुमार मिश्रा ,का0 इन्द्रभान यादव ,का0 उमाशंकर चौरसिया ,का0 प्रवीन्द्र यादव ,का0 सुरेश यादव ,महिला आरक्षी रुक्मिणी मिश्रा के साथ वाहन चेकिंग में लगें थे तब तक वांछित अभियुक्त लाल मोटरसाइकिल से आते हुये दिखाई दिया, जिसे घेरा बन्दी कर दबोच लिया गया। पकड़ा गया अभियुक्त लूट के प्रयास के मामले में वांछित था, जिसे सेवरही पुलिस तलाश में जुटी थी।

# लुटेरे को भेजा जेल, साथियों की तलाश में छापेमारी


सेवरही | **हिन्दुस्तान संवाद**

कस्बा सेवरही में श्रीकृष्ण गौशाला के समीप गैस एजेंसी के चालक व सिपाहियों की बहादुरी से पकड़े गए लुटेरे को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। उससे पूछताछ में मिली साथियों के बारे में जानकारी के अनुसार पुलिस फरार लुटेरों की तलाश में दबिश दे रही है। सीओ तमकुही राज फूलचंद कन्नौजिया ने बताया कि पुलिस टीम फरार लुटेरों के करीब पहुंच चुकी है।

जल्द ही पूरी घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। मंगलवार को कस्बा सेवरही के वार्ड नम्बर दो जानकी नगर में श्रीकृष्ण गौशाला के समीप दो बाइक पर सवार पांच लुटेरों ने गैस एजेंसी के डिलीवरी वैन चालक से रुपये भरा बैग लूटने का असफल प्रयास किया। कट्टे से फायर करते हुए भाग रहे थे तभी बहादुर पुलिसकर्मियों ने एक लुटेरे को दौड़ा कर दबोच लिया। उसकी पहचान धीरज जायसवाल पुत्र रामनरेश जायसवाल निवासी सुराजी बाजार, थाना विशुनपुरा के रूप में हुई है। उसके कब्जे से देशी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये अभियुक्त से अहम जानकारी हाथ लगी है। जल्द ही सभी लुटेरे गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। सीओ तमकुहीराज फूलचन्द कनौजिया व उच्चाधिकारियों तत्परता दिखाने के लिए सेवरही पुलिस की सराहना की है।

# भूमि पर कब्जे का आरोप पुलिस ने रोका निर्माण कार्य

जासं.पडरौनाः नगर के गायत्रीनगर में भूमि कब्जा करने की शिकायत पर बुधवार को पहुंची कोतवाली पुलिस ने निर्माण कार्य बंद करा दिया। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी एस राजलिंगम को प्रार्थना-पत्र देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई थी। नगर के कसेरा टोली मोहल्ला निवासी अरूण कुमार ने जिलाधिकारी से मिलकर बताया कि गायत्री नगर में भी उनकी भूमि है। जिस पर एक भाजपा नेता द्वारा निर्माण करा कर कब्जा किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मामले को तहसीलदार पडरौना को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसी क्रम में कोतवाली के एसएसआइ अमित राय दोपहर में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को बंद करा दिया। एसएसआई ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्य बंद करा दिया गया है। यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। आरोपित पक्ष की तरफ से भी तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।



पडरौना नगर के गायत्री नगर मोहल्ले में निर्माण कार्य को रोकती पुलिस व जुटी भीड ● जागरण

# लूट की कोशिश में गिरफ्तार आरोपी को भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**सेवरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के जानकीनगर मोहल्ले में मंगलवार को गैस एजेंसी पर कैश लूट की कोशिश करने और फायरिंग के मामले में गिरफ्तार अपराधी को सेवरही थाने की पुलिस ने बुधवार को आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया। उस पर कट्टा से हवाई फायरिंग करने का आरोप है। अन्य तीन अपराधियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

मंगलवार को सेवरही कस्बा के वार्ड नंबर-दो जानकीनगर मोहल्ले में दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने स्नेह गैस एजेंसी के गैस वितरण का कैश लूटने का प्रयास किया। असफल होने के बाद बदमाशों में से एक ने मौके पर असलहा लहराते हुए हवाई फायर की थी। भागते समय उसे विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही बाजार निवासी धीरज जायसवाल को पुलिस ने एक बाइक के साथ घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को उसे आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया। सेवरही थाने के एसओ एमपी चतुर्वेदी के मुताबिक लूट के प्रयास में गिरफ्तार अपराधी को आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया है। शेष तीन की तलाश में पुलिस जुटी है।

## लूट का केस दर्ज तीन व्यक्ति गिरफ्तार

कसया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक के साथ मारपीट व उनके घर में लूटपाट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने उन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा उर्फ दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक एवं बुद्ध पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर सिंह की तहरीर के मुताबिक वह मंगलवार की शाम को दरवाजे पर बैठे थे। इसी बीच पड़ोस के कुछ लोग आए और चुनावी विवाद को लेकर उन्हें अपशब्द कहने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर वह लोग उनके साथ मारपीट कर उनका मोबाइल और उनके भाई जितेंद्र के गले से 50 हजार की कीमत की सोने की चेन छीन ली। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में लूट का मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# चोरी की बाइक के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

**बभनौली:** सेवरही थाना क्षेत्र के मंझरिया मोड़ पर बुधवार को कट्टा के साथ चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश पकड़ा गया। उसे जेल भेज दिया गया।

विशुनपुरा पुलिस ने सुराजी बाजार निवासी धीरज जायसवाल को तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक के साथ पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी, एसआइ सभाजीत सिंह मौजूद रहे।

# लूट का केस दर्ज तीन व्यक्ति गिरफ्तार

कसया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक के साथ मारपीट व उनके घर में लूटपाट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने उन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा उर्फ दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक एवं बुद्ध पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर सिंह की तहरीर के मुताबिक वह मंगलवार की शाम को दरवाजे पर बैठे थे। इसी बीच पड़ोस के कुछ लोग आए और चुनावी विवाद को लेकर उन्हें अपशब्द कहने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर वह लोग उनके साथ मारपीट कर उनका मोबाइल और उनके भाई जितेंद्र के गले से 50 हजार की कीमत की सोने की चेन छीन ली। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में लूट का मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# गैर पंजीकृत अनाथ आश्रम से बच्चों को अपने साथ ले गया प्रशासन

## 15 जुलाई को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने लिया था जायजा, मिलीं खामियां

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। पडरौना क्षेत्र के परसौनी कला स्थित अनाथ आश्रम के सभी बच्चों और किशोरों को प्रशासन बुधवार को दोपहर में अपने साथ लेकर चला गया। हालांकि इस दौरान उन्हें ले जाने को लेकर कुछ झड़प भी हुई। बचपन से पले-बढ़े इन बच्चों और किशोरों को भावुक अनाथ आश्रम के लोग छोड़ना नहीं चाहते थे। इन सभी को जनपद मुख्यालय स्थित बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। वहां से उनकी सुविधा और नियम के अनुसार संबंधित अनाथ आश्रम भेजा जाएगा। समिति यह तय करेगी कि उन्हें कहां-कहां भेजना है।

15 जुलाई को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. सुचिता चतुर्वेदी जिला अस्पताल सहित कई स्थानों पर भ्रमण कर बालकों और महिलाओं के अधिकारों को प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की थीं। इसके बाद वह परसौनी कला में संचालित अनाथ आश्रम पहुंची थीं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट डीएम सहित प्रमुख सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश शासन और निदेशक महिला कल्याण विभाग लखनऊ को भेजी थीं। इस रिपोर्ट में उन्होंने अनाथ आश्रम को बिना पंजीकरण संचालित करने, अनाथ आश्रम के बच्चों का धर्मांतरण कराने, बिना जगह के 25 बच्चों को रखने सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे।



पडरौना नगर से सटे स्थित परसौनी कला स्थित अनाथ आश्रम के बच्चों और किशोरों को लेने के लिए एसडीएम के साथ पहुंचे कोतवाल अनुज कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी। संवाद

इसके बाद डीएम ने एसडीएम सदर कोमल यादव से इसकी जांच कराई थी, जिसकी रिपोर्ट मंगलवार को उन्हें प्राप्त हुई थी। इसके बाद डीएम की तरफ से इन बच्चों और किशोरों को बाल कल्याण समिति को सौंपने का निर्देश दिया गया था। एसडीएम सदर पडरौना कोतवाली सहित कुबेरस्थान और अन्य थानों की पुलिस के साथ पहुंचे। उनके साथ महिला पुलिसकर्मी भी थीं। बताया जा रहा है कि बच्चों को ले जाने को लेकर अनाथ आश्रम के लोगों के साथ झड़प भी हुई। इसके बाद पुलिस को सख्ती के साथ बच्चों को गाड़ियां में बैठाकर जनपद मुख्यालय स्थित बाल कल्याण समिति के कार्यालय ले जाया गया।

डीएम एस. राजलिंगम ने बताया कि जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि अनाथ आश्रम पंजीकृत नहीं है। उच्च न्यायालय का आदेश है कि ऐसे बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। यह सभी बच्चे पहले बाल कल्याण समिति कुशीनगर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

सभी बच्चे रेस्क्यू कराए गए हैं। समिति तय करेगी कि उन्हें किस अनाथ आश्रम में भेजना है।

### बोले एएसपी अयोध्या प्रसाद सिंह

एएसपी अयोध्या प्रसाद सिंह ने कहा कि परसौनी कला के अनाथ आश्रम से बुधवार को बच्चों को लाने के लिए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात की गई थी। पुलिस टीम एसडीएम सदर के साथ गई थी। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बच्चों को ले जाने के संबंध में कागजात मांगे, जिसे दिखा दिया गया। बच्चों को ले जाने को लेकर वहां हल्की झड़प हुई थी। दूसरा कोई विवाद नहीं हुआ। यह कार्रवाई राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य की जांच रिपोर्ट के बाद मिले निर्देश के क्रम हुई है।

### अनाथ आश्रम की संचालिका बोलीं

अनाथ आश्रम की संचालिका शिरीन बसुमता ने कहा कि नवजात की उम्र से हमने इन बच्चों को पाला है, जिन्हें उनके माता-पिता झाड़ियों में या अन्य जगह लावारिस फेंक दिए थे। लालन-पालन करने की वजह से ऐसे बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने के लिए माता-पिता का नाम दर्शाने की आवश्यकता पड़ने पर अपना नाम दिया था। क्योंकि इनका दूसरा कोई नहीं था। जब इनका धर्म नहीं बदला तो धर्म परिवर्तन कैसे हुआ। ऐसे में बच्चों को जबरदस्ती अनाथ आश्रम से ले जाना उचित नहीं था।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021



एसपी प्रदीप गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नूरी जामा मस्जिद का निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

# सीमेंट की दुकान में मिली खाद व पेट्रोल, किया सील

खनुआ | हिन्दुस्तान संवाद

एसडीएम नौतनवां रामसजीवन मौर्य ने हरदी डाली गांव के चौराहा पर एक सीमेंट की दुकान में छापेमारी की। इस दौरान सीमेंट की दुकान से खाद और पेट्रोल बरामद होने पर उसे सील कर दिया। छापेमारी से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई।

एसडीएम पुलिस के साथ बुधवार को हरदी डाली गांव के चौराहे पर पहुंचे। एक सीमेंट की दुकान की जांच की। जांच में दुकान से तीन बोरी यूरिया खाद, एक बोरी डीएपी, 20 लीटर पेट्रोल और तीन रजिस्टर बरामद किया। इसके अलावा मेडिकल स्टोर की जांच कर लाइसेंस और दवा स्टाक के बारे में जानकारी ली। खनुआ पुलिस चौकी को बरामद सामान को सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के कालाबाजारी की शिकायत मिल रही है। ऐसे में किसी भी समय किसी भी दुकाने में छापेमारी की जा सकती है।

# असलहे के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

- 18 जुलाई को कांध गांव के दुर्गा मंदिर से चोरी हुई घंटी
- पकड़ी चौकी प्रभारी ने आरोपितों को गिरफ्तार कर किया पर्दाफाश

जागरण संवाददाता, महराजगंज: तीन दिनों पूर्व सदर कोतवाली क्षेत्र के कांध गांव के दुर्गा मंदिर में हुई घंटियों की चोरी मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। दो आरोपितों के पास से असलहा समेत चोरी गईं घंटियां बरामद करते हुए पुलिस ने दोनों को न्यायालय चालान भेज दिया है। 18 जुलाई को कांध गांव के दुर्गा मंदिर से घंटियों के चोरी हो गई थी। ग्रामीणों की सूचना और मंदिर के पुजारी राजीव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच बुधवार की सुबह पकड़ी चौकी प्रभारी राजीव तिवारी की टीम ने रामनगर के पास से पकड़ी नौनिया निवासी बीरबल और पप्पू को चोरी की घंटियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से एक अवैध असलहा और दो कारतूस भी बरामद हुए। पकड़े गए दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर कोतवाल मनीष सिंह यादव ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत निरुद्ध गया , जहां से दोनों को जेल भेज करते हुए न्यायालय चालान भेजा दिया गया है।



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम • जागरण

# सीमा क्षेत्र में कड़ी चौकसी के बीच मनी बकरीद

**जासं, नौतनवा:** सीमावर्ती गांवों में बुधवार को कड़ी चौकसी के बीच शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाया गया। सरहद पर एसएसबी जवान की निगरानी तेज रही, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस चौकस रही। एसडीएम रामसजीवन मौर्य व सीओ कोमल प्रसाद मिश्र भी क्षेत्र के निरंतर भ्रमण पर रहे। नौतनवा थाना क्षेत्र के नगर पालिका के गौसिया भुंडी मुहल्ला, ख्वाजा गरीब नमाज महेंद्र नगर, जामा मस्जिद गांधी नगर, अशरफी जामा मस्जिद परसोहिया के ईदगाह पर शांतिपूर्ण रूप से नमाज अदा की गई। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए समुदाय के लोग एक- दूसरे को मुबारकबाद देते हुए देखे गए। शांति व्यवस्था के मद्देनजर इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय मय



नौतनवा नगर में गश्त करती पुलिस ● जागरण

फोर्स स्थिति का जायजा लेते रहे।

सोनौली कोतवाली क्षेत्र शेष फरेंदा व हरदीडाली गांव के मदरसों पर सुबह शांतिपूर्ण माहौल में बक़रीद की नमाज अदा की गई। इंस्पेक्टर दिनेश तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कमलेश यादव, अरविंद यादव, पांडेय, कन्हैया लाल वर्मा, अखिलेश कुमार व मनीष कुमार ने शेष फरेंदा व हरदीडाली, खनुआ, कैथवलिया उर्फ

## कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए एक दूसरे को दी गई शुभकामनाएं, एसडीएम व सीओ ने किया सीमावर्ती गांवों का निरीक्षण

बरगदही, अरघा व महुअवा गांव में गश्त कर ग्रामीणों से आपसी भाई-चारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

चौक संवाददाता के अनुसार डीसी मनरेगा एवं पर्यवेक्षक गौतम सिंह, थानाध्यक्ष बृजेश सिंह की देखरेख में ईद उल अजहा का त्योहार कोरोना नियमों के तहत आपसी सौहार्द एवं शांति पूर्वक मनाया गया। टीकर, नंदाभार, नाथनगर, धरमौली, महेशपुर, चौक आदि अनेक मदरसों में कोरोना प्रोटोकाल के तहत शारीरिक दूरी बनाकर नमाज अदा की गई।



नूरी जामा मस्जिद में सुरक्षा का जायजा लेते एसपी प्रदीप गुप्ता ( दाएं ) ● जागरण

# गोरखपुर जोन में चलेगा आपरेशन तफ्तीश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जोन में लंबे समय से लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के लिए अब कप्तान से लगायत एडिशनल एसपी और सीओ की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उनकी जिम्मेदारी होगी कि लंबित मामले में विवेचनाधिकारी की कार्यशैली पर निगाह रखें और उसे विवेचना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करें। एडीजी अखिल कुमार ने इसके लिए जोन में आपरेशन तफ्तीश चलाए जाने का आदेश जारी किया है। जोन के प्रत्येक जिले में इसके लिए तीन श्रेणी में सूचनाएं तैयार कराई जा रही हैं। लंबित मामलों की सूची तीन माह से कम, छह माह से कम और छह माह से अधिक लेकिन दो वर्ष से कम के क्रम में तैयार कराई जा रही हैं।

लंबे समय से लंबित जालसाजी, हत्या, लूट के मामलों में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं। इसके निस्तारण के लिए एडीजी ने जोन के सभी पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया है कि वह जिले में लंबे समय से लंबित विवेचनाओं की सूची तैयार कर लें।

इन विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो, ताकि लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आपरेशन तफ्तीश के तहत पुराने लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिये गए हैं। हर जिले में समय-समय पर जांच भी की जाएगी।

## एडीजी का फरमान

- तीन श्रेणी में बांटी जाएंगी लंबे समय से लंबित विवेचनाएं
- कप्तान व एडिशनल एसपी और सीओ की जवाबदेही तय होगी

### छह माह से अधिक व दो वर्ष कम समय के लंबित मामले

| | |
|---|---|
| गोरखपुर | 992 |
| देवरिया | 41 |
| कुशीनगर | 256 |
| महराजगंज | 55 |
| बस्ती | 37 |
| संतकबीरनगर | 31 |
| सिद्धार्थनगर | 21 |
| गोंडा | 34 |
| बलरामपुर | 26 |
| बहराइच | 54 |
| श्रावस्ती | 15 |

### सर्वाधिक लंबित मामले

गोरखपुर 992

### सबसे कम लंबित मामले

श्रावस्ती 15

**जोन में कुल लंबित मामले- 1562**

# संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के लिए अगस्त से दिसंबर तक के कार्यक्रम का रोस्टर जारी किया है।

रोस्टर के मुताबिक 7 अगस्त को सदर, 21 अगस्त को फरेंदा, 4 सितंबर को नौतनवां, 18 सितंबर को निचलौल, दो अक्तूबर को सदर, 16 अक्तूबर को फरेंदा, 6 एवं 20 नवंबर को नौतनवां, 4दिसंबर को सदर, 18 दिसंबर को फरेंदा में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

एडीएम कुंजबिहारी अग्रवाल ने बताया कि रोस्टर के मुताबिक तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

# गया बकरीद पर्व, सतर्क रही पुलिस



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी प्रदीप गुप्ता। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021

# संक्रमण से निपटने की परखीं तैयारियां

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति विजय बहादुर पाठक ने बुधवार को यहां सर्किट हाउस के सभागार में कोरोना की संभावित लहर की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जनप्रतिनिधियों के सहयोग तथा जन सहभागिता से कैम्प आयोजित करके 18 वर्ष से उम्र के लोगों को कोविड से बचाव का टीका लगवाया जाए। जनप्रतिनिधि सीएचसी,पीएचसी को गोद लें तथा वहां की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करें।

बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों के पत्रों के रख-रखाव का रजिस्टर भी देखा। रजिस्टर में पाया कि जनप्रतिनिधि के पत्रों का क्रमवार अंकन किया गया है। व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को समुचित सम्मान प्रदान करते हुए प्रोटोकाल का पालन किया जाए। सभी अधिकारी अपने मोबाइल में जिले के एमपी, एमएलए, एमएलसी का नंबर सेव करें। बैठक में एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, वासुदेव यादव, संतोष यादव सनी ने भी सुझाव दिए। बैठक में कुल तीन प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिसमें से दो प्रकरण के संबंध में जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल तथा एक प्रकरण में संतकबीर नगर की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जवाब दिया। संचालन अर्थ एवं संख्याधिकारी टीपी गुप्ता ने किया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, डीएफओ नवीन साक्य, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत कुमार, अधिशासी अभियंता राकेश कुमार गौतम, शुभनारायण राव, संतोष कुमार, परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम एके सिंह, डीआइओएस डीएस यादव, अधिशासी अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।




सर्किट हाउस में बैठक करते उप्र. विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति विजयबहादुर पाठक ● सौ.सूचना विभाग

# तीन परिवारों को पुलिस ने टूटने से बचाया

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने बातचीत के आधार पर तीन परिवारों की गृहस्थी को टूटने से बचा ली ।सोनी पत्नी रविंदर, सीमा पत्नी विजय व ऊषा पत्नी अजय ने एसपी को पत्र देकर शिकायत की थी। पारिवारिक मतभेद से जुड़े प्रकरणों की जांच महिला थाना को सौंपी गई थी। महिला पुलिस ने बातचीत के आधार पर पति-पत्नी के मध्य आपसी मनमुटाव दूर कर एक साथ रहने को राजी कर दिया।

# अज्ञात ट्राला चालक पर केस दर्ज

**बस्ती।** फोरलेन पर विक्रमजोत के बबुरहवा के पास स्पीड ब्रेकर पर मंगलवार को हुए स्टोर वाहन की टक्कर में छावनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुर्घटना प्रभारी की तहरीर पर ट्राला के अज्ञात चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है।

तहरीर देने वाले प्रमोद तिवारी निवासी महादेवा थाना नगर ने लिखा है कि अज्ञात ट्राला चालक की लापरवाही पूर्वक ब्रेक लेने से गोरखपुर के स्टोर वाहन ट्राला से टकरा गया। जिससे निगम वाहन का अगला शीशा, बंपर व लाइट, रेडीकेटर व गेयर बाक्स तथा आगे से लेकर सीट का नुकसान हो गया। साथ ही शिव लगन यादव निगम चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। मंगलवार दोपहर आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लेने के चलते पीछे से गोरखपुर की तरफ जा रहा परिवहन निगम का स्टोर वाहन टकरा गया था। वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची छावनी पुलिस ने चालक को वाहन से निकाल कर एनएचआई एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर्रैया पहुंचाया। जहां उसकी पहचान गोरखपुर जनपद के गगहा थानाक्षेत्र के गनहा गांव निवासी शिवलगन यादव के रूप में हुई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया गया था। संवाद

# शांति-सौहार्द के बीच पढ़ी बकरीद की नमाज

## अल्लाह की राह में कुर्बानी के साथ मनी बकरीद, इस त्योहार का मुसलमानों में विशेष है महत्व

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ईदुलअजहा का त्योहार बुधवार को शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया। कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचे। मस्जिदों के बाहर शांति व व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनाती रही। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने जानवरों की कुर्बानी अल्लाह की राह में अदा की। शहर की कटरा मस्जिद, खैर मस्जिद, मस्जिद जीयन बाबू, मस्जिद निसार हुसैन, जामा मस्जिद गांधी नगर, मस्जिद हाफिले मिल्लत रहमतगंज, नूरानी मस्जिद, दारूल ऊलूम, हुसैनी मस्जिद, दक्षिण दरवाजा, स्टेशन रोड, मंगल बाजार, घरसोहिया सहित शहर व शहर से सटे गांव में विशेष नमाज अदा की गई। कुर्बानी के इस त्योहार का मुसलमानों में विशेष महत्व है। इस धर्म के अनुयायी अपने पैगंबर हजरत इब्राहिम व हजरत इस्माइल की कुर्बानी को याद करते हुए जानवर की कुर्बानी देते हैं। कुर्बानी का मांस गरीबों व करीबी रिश्तेदारों में वितरित किया जाता है।

इसी दिन मक्का में हज यात्रा का भी आयोजन होता है। खुशी का त्योहार होने के कारण इसदिन नए कपड़े पहनने व अच्छे पकवान बनाने का विशेष चलन है। इस दिन का विशेष पकवान सेवई घरों में बनाई जाती है। किसी के भी आने पर सेवई आदि उसे परोसा जाता है। ग्रामीण कस्बों व गांव में भी बकरीद का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया।

नमाज के लिए लोग कम ही घरों से निकले। थोड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिदों व ईदगाह में पहुंचकर नमाज अदा की। लोगों से कहा गया था कि वह भीड़-भाड़ न लगाए तथा कुर्बानी घरों में या निजी परिसर में ही कराएं। खुली जगह पर कुर्बान बिल्कुल न दें। कुर्बानी के समय का न तो वीडियो बनाए और न ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें। गनेशपुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस ने बड़ी बाजार चौक, शंकरनगर चौराहा, मोहम्मदपुर आदि स्थानों पर निगरानी रखी। गश्त कर लोगों को भरोसा दिया कि पुलिस उनकी सुरक्षा में मुस्तैद है। गश्त में एसआई सुरेंद्र प्रसाद, कांस्टेबिल शिवनाथ, तेज प्रकाश, कामोद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



बनकटी : घर में नवाज अदा करता अयान। संवाद



ईद उल अजहा पर नमाज अदा करती महिला। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021

# शांति व्यवस्था भंग में आठ के विरूद्ध कार्रवाई

**उस्का बाजार (एसएनबी)।** मुकामी पुलिस ने बुधवार को संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत 8 लोगो के विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने वताया कि प्राथमिक विद्यालय के वाउण्ड्री वाल चलवाने की वात को लेकर विवाद व पुरानी रंजीश को लेकर हुए विवाद में यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया है कि शिवस्वरुप पाण्डेय पुत्र अम्बिका पाण्डेय, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय पुत्र भानदत्त, शैलेश पाण्डेय पुत्र नर्बदा पाण्डेय, विजयप्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व. रामअवतार, सत्यम पाण्डेय पुत्र विजय प्रकाश पाण्डेय निवासीगण महुलानी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खिलाफ शांतिभंग में कार्यवाही हुई है। इसी तरह ईश्वर यादव पुत्र स्व भगौती यादव,परमेश्वर यादव पुत्र स्व. तीरथ, पंकज उर्फ मल्लू यादव पुत्र परमहंस निवासीगण लक्षनपुर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध भी शांतिभंग में कार्यवाही हुई है।

# शांतिभंग के आरोप में चार पाबंद

बानगंगा (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर राम अभिलाष त्रिपाठी के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सुरेश चन्द रावत अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में प्रदीप कुमार यादव पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व थाना प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ राजेंद्र बहादुर सिंह के कुशल निर्देशन में बुधवार को उप निरीक्षक सूर्यप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कोटिया टीम द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना शोहरतगढ़ जनपद क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी मे गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी में जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण विरेन्द्र पुत्र बरसावन यादव उम्र 23 वर्ष निवासी पिपरा थाना शोहरतगढ़ सुनील पुत्र राममोहन उम्र 24 वर्ष निवासी पिपरा थाना शोहरतगढ़, मुकेश पुत्र बिरजा उम्र 30 वर्ष निवासी पिपरा थाना शोहरतगढ़, सुरेश पुत्र दूबर उम्र 40 वर्ष निवासी पिपरा थाना शोहरतगढ़।

# प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 30 जुलाई को यहाँ बने मेडिकल कालेज के उद्घाटन के लिए आने की प्रबल संभावना है। उनके आगमन की संभावना के मद्देनजर जिले में तैयारियां जोरों से शुरू हो गयी है। इसे लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा एक बैठक भी कर चुके हैं। यहाँ निर्मित मेडिकल कालेज के उद्घाटन की प्रबल संभावना बन गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के *आगमन की मौखिक सूचना आ* चुकी है। यह जिले का परम सौभाग्य है कि उनके आगमन का कार्यक्रम बन रहा है। उनका आगमन आगामी 30 जुलाई को होने की प्रबल उम्मीद है। उनके आगमन की मौखिक सूचना मिलते ही जिले के अधिकारी और भाजपा के नेतागण सक्रिय हो गए है। जिलाधिकारी श्री मीणा ने इस संबंध में पहली बैठक भी कर ली है। जिसमें पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग, एडीएम सीताराम गुप्ता, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव,पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता आदि शामिल थे। आज सांसद जगदंबिका पाल, मंत्री डा. सतीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव, जिलाधिकारी, एसपी, सीडीओ सहित तमाम लोगों ने कार्यक्रम स्थल जिला कारागार के सामने वाले मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्था को लेकर चर्चा की। प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर जिले में खुशी का माहौल है। भाजपाई खुशी से गदगद है । वे अभी से अपनी तैयारियों में लग गए हैं। जिलाध्यक्ष गोविंद माधव सहित स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, विधायक श्यामधनी राही, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, चौधरी अमर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह आदि लोग विचार विमर्श करने में जुट गए हैं। प्रधानमंत्री के यहाँ मेडिकल कालेज के उद्घाटन के साथ ही 8 अन्य मेडिकल कालेजों का वर्चुअल उद्घाटन और एक जनसभा को भी संबोधित करने की भी उम्मीद है।





*कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते सांसद जगदम्बिका पाल, कार्यक्रम स्थल का जायजा बेसिक शिक्षा मंत्री डा. सतीश द्विवेदी।*

**प्रधानमंत्री 30 को मेडिकल कालेज के उद्घाटन को आ सकते हैं**

**आज सांसद, मंत्री सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल को देखा**

# कोविड नियमों का पालन करते मनाया बकरीद त्योहार

उस्का बाजार। बुधवार को उसका बाजार कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र उंटिया, सरौली, भठिया, सेमरहना, नगवां, करछुलिया आदि में कोविड नियमों का पालन करते हुये बकरीद का पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। अधिकतर लोगों ने अपने घरों में ही बकरीद की नमाज अदा किया। लोगो ने एक दूसरे को बधाई दिया। त्योहार के मद्देनजर जगह-जगह सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। नगर पंचायत उसका बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश यादव सहित अनेक लोगो ने सुख, शांति संवृद्धि की कामना के साथ बकरीद की बधाई दिया।



बुधवार को कपिलवस्तु थाने के पास स्थित मस्जिद से नमाज पढ़ कर बाहर निकलते लोग व सुरक्षाकर्मी। • हिन्दुस्तान

# पुलिस की सूझबूझ से चंद घंटों में मिली बाइक

**सिद्धार्थनगर।** जिला अस्पताल से बुधवार को गायब बाइक सदर पुलिस की सूझबूझ से चंद घंटों में ही मिल गई। इससे पुलिस व पीड़ित दोनों ने राहत की सांस ली। दरअसल में उस्का बाजार थाना क्षेत्र के कुआंहाटा गांव निवासी अखिलेश अपनी बाइक से जिला अस्पताल आए हुए थे। वह अस्पताल परिसर में अपनी बाइक खड़ी कर अंदर गए। कुछ देर बाद आए तो बाइक गायब देख परेशान हो गए।

# छापेमारी कर सरसों के तेल व दाल का लिया नमूना

## कार्रवाई

## खाद्य विभाग

- नौगढ़, बांसी, शोहरतगढ़ के अलग-अलग इलाकों में दुकानों पर छापेमारी
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने संदेह के आधार पर इकट्ठा किए नमूने

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने संदेह के आधार पर बुधवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र के चिल्हिया में दुकानों पर छापेमारी की। किराना दुकानों पर हुई छापेमारी में सरसों के तेल व दाल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतिमा उपाध्याय, विजय कुमार यादव व आशुतोष कुमार सिंह के संयुक्त अभियान में शोहरतगढ़ क्षेत्र के चिल्हिया बाजार में विनोद किराना स्टोर से सरसों के तेल एवं अरहर की दाल का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया। जबकि एक दिन पहले नौगढ़ के तेतरी बाजार में कसौधन किराना स्टोर, लुंबिनी रोड में सरसों के तेल का नमूना लिया।

बांसी बाजार में मेसर्स शुभम किराना स्टोर, प्रतापनगर में उड़द की दाल एवं पुष्कर किराना स्टोर से सरसों के तेल का नमूना संकलित किया गया।


उक्त सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला, लखनऊ भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही होगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर अग्रिम आदेश तक लगातार कार्रवाई चलती रहेगी। दुकानों पर संदेह लगने पर नमूने लेकर जांच कराए जाएंगे।

# 20 बच्चों को मिलेगा मुख्यमंत्री का सहारा

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

कोविड से अनाथ बच्चों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहारा बनेंगे। जिले में कोविड ने 20 बच्चों के माता-पिता में किसी एक को निगल लिया है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत हुए सत्यापन के बाद अब तक 20 बच्चों की सूची जिला प्रशासन ने तैयारी की है। इन बच्चों की परवरिश के लिए सीएम 22 जुलाई को योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत प्रति बच्चा चार हजार रुपये के हिसाब से तीन माह की 12 हजार रकम एक साथ खाते में भेजी जाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोरोना से माता-पिता या दोनों में से किसी एक को खोने वाले बच्चों की परवरिश के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत बच्चों की परवरिश करने वाले अभिभावकों के खातों में चार हजार रुपये प्रतिमाह का शासन से भुगतान होगा। जिले में महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने कोरोना से मां-बाप में किसी एक को खो चुके 20 लाभार्थियों को चयनित किया है। 22 जुलाई को सीएम की ओर से योजना का शुभारंभ करने के बाद बच्चों की परवरिश करने वाले अभिभावकों के खाते में पैसा भेजा जाएगा। सीएम यह कार्यक्रम लखनऊ से शुभारंभ करेंगे।



## बाल सेवा योजना

- बच्चों के माता-पिता में से किसी एक का कोरोना संक्रमण के कारण हो चुका है निधन
- सत्यापन के बाद तैयार हुई सूची, प्रति बच्चा चार हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगी सहायता
- एक साथ तीन माह की सहायता राशि 12 हजार रुपये देने की बनी है योजना

"कोविड से 20 बच्चों के माता-पिता में किसी एक की मौत हुई है। इन सभी को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभ दिलाया जा रहा है।"

**विनोद राय**

जिला प्रोबेशन अधिकारी

# धोखाधड़ी के आरोपित के खिलाफ कुर्की का आदेश

जागरण संवाददाता, खेसरहा, सिद्धार्थनगर : थाना क्षेत्र के ग्राम एगडेंगवा निवासी गल्ला व्यवसायी जय प्रकाश पुत्र लखराज पर कोर्ट के आदेश से धारा 82 की कार्रवाई बुधवार को पुलिस ने की है। उनके घर पर नोटिस चस्पा करने के साथ पुलिस ने डुग्गी मुनादी भी कराया है। व्यापारी पर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से डेढ़ लाख की ठगी का आरोप है।

आरोपित ने थाना क्षेत्र के ग्राम करमा बाबू निवासी रामराज सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह से गल्ला के काम के बहाने डेढ़ लाख रुपये ले लिए थे। उसने कहा थी कि हम 25 फीसदी मुनाफा देंगे। दो तीन माह तक वह कारोबार करता रहा पर इन्हें कोई लाभांश नही दिया। जब यह अपना पैसा मांगने उसके पास पहुंचे तो वह आनाकानी करने लगा। दबाव बढ़ता देख वह फरार हो गया। जिसके उपरांत राम राज सिंह तीन माह पूर्व थाने में तहरीर दे दिए। जिसपर पुलिस धोखा धड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था।

कोर्ट में हाजिर न होने की दशा में न्यायालय ने धारा 82 की कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया तथा आरोपित के विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी जारी कर दिया। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि नोटिस चस्पा करने के एक माह के भीतर आरोपित हाजिर नहीं होता है तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई**

- कोर्ट के निर्देश पर धारा 82 की नोटिस चस्पा, पुलिस कराई डुग्गी मुनादी
- दूसरे का धन हड़प कर लेने पर तीन माह पूर्व दर्ज हुआ था ठगी का मुकदमा



आरोपित के घर नोटिस चस्पा करते पुलिसकर्मी ●जागरण

# महिलाओं को दी ऑनलाइन शिकायत करने की जानकारी

## अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से हुआ जागरूकता कार्यक्रम, जोगिया ब्लॉक के देउरा गांव में महिलाएं की गईं जागरूक

अपराजिता
100 MILLION SMILES

संवाद न्यूज एजेंसी

**जोगिया।** अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से जोगिया के देउरा गांव में बुधवार को अपराजिता मुहिम के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं को कानूनी जानकारियां दी गईं। जोगिया कोतवाली के प्रभारी तहसीलदार सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से शिकायत करने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जागरूकता से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। जागरूक होकर आप खुद अपराध रोकें और दूसरों को भी न्याय दिलाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हेल्पलान नंबर 112 और महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 की मदद से जरूरत पर महिलाएं घर बैठे ही पुलिस की मदद प्राप्त कर सकती हैं। सभी लोगों को हेल्पलाइन नंबर याद रखना चाहिए। ये नंबर याद नहीं हो सकते तो कहीं लिख लेना चाहिए, क्योंकि पुलिस को सही समय पर सूचना मिलेगी तो पीड़ित की मदद करने का लक्ष्य पूरा होगा। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि दूसरों की गलती के कारण अपने परिवार को अपराधी बनाने से बचाएं। कुछ मामलों में आप शिकायत कर दें तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है। ऐसे मामलों में लड़ाई से परहेज करना चाहिए। कोई गुस्से में है तो आप शांत हो जाइए। जब उसका गुस्सा शांत हो जाए तो तर्क करिए तो विवाद नहीं बढ़ेगा और समस्या का भी समाधान होगा। किसी कारण से आपके परिवार पर मुकदमा होता है तो कचहरी के चक्कर में तरक्की बाधित होती है। इस मौके पर एसआई अशोक कुमार यादव, मनीष कुमार, अजीत कुमार, नीरज तिवारी मौजूद थे। महिला सिपाही सरोज माला और गुलाबी ने महिलाओं से बातचीत करके कानूनी जागरूकता बढ़ाई। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता व क्षेत्र पंचायत सदस्य दिवाकर विक्रम सिंह, ग्राम प्रधान रोहित मौजूद थे।



देउरा गांव में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। संवाद




कार्यक्रम को संबोधित करते एसओ तहसीलदार सिंह। संवाद

### महिलाएं भी रोकें महिला अपराध

कोतवाली प्रभारी ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में सिर्फ पुरुष ही शामिल नहीं होते हैं, कई बार महिला उत्पीड़न के मामले में महिलाएं ही दोषी होती हैं। कहा कि आप जिस प्रकार बेटी के साथ व्यवहार करती हैं, उसी प्रकार बहू को भी महत्व देना चाहिए। जागरूकता बढ़े तो छोटे मामले में केस दर्ज कराने की नौबत नहीं आएगी।

### सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क वितरण

कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ 43 महिलाएं शामिल हुईं। क्षेत्र पंचायत सदस्य दिवाकर विक्रम सिंह ने सभी महिलाओं में मास्क वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कोरोना की तीसरी लहर के लिए सचेत किया।

### महिलाएं बोलीं, बहुत कुछ सीखा यहां आकर



उर्मिला गौड़



सुभावती गौड़



मालती



राधिका यादव

देउरा की राधिका यादव ने बताया कि उन्हें पुलिस से बात करने में हिचक महसूस हो रही थी, लेकिन वर्दी में सिपाहियों ने उनके बीच में बैठकर बातें की तो अच्छा लगा। मालती ने कहा कि पुलिस की पाठशाला में आकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। अब तो जरूरत पर खुद ही थाने में जाकर अपनी परेशानी बता सकती हूं। सुभावती गौड़ ने कहा कि पुलिस के लोगों ने बहुत अच्छी जानकारी दी। उन्हें झूठे केस में फंसने से बचने और दूसरों को बचाने की बातें की। उर्मिला गौड़ ने कहा कि कोतवाली प्रभारी और महिला सिपाहियों ने हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी। कई बार बिचौलियों के कारण न्याय मिलने में दिक्कत होती है, यहीं जानकारी मिली।

# अकीदतमंदों ने मस्जिदों में अदा की नमाज, घरों में दी कुर्बानी

## बकरीद पर दिखा भाईचारा, मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी



डुमरियागंज क्षेत्र में स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** बकरीद का त्योहार बुधवार को अकीदत के साथ मनाया गया। जिले की मस्जिदों में कोरोना प्रोटोकाल के अंतर्गत नमाज अदा की गई। लोगों ने घरों में कुर्बानी की रस्म अदा की। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर मुबारकबाद दी। सुरक्षा के लिहाज से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

**डुमरियागंज प्रतिनिधि** के अनुसार, मस्जिदों में नमाज अदा कर घरों पर अल्लाह की राह में बकरों की कुर्बानी देकर मुल्क और कौम की सलामती की दुआएं मांगी गईं। बुधवार की सुबह सात और आठ बजे के बीच डुमरियागंज स्थित जामा मस्जिद, बैदौलागढ़, हल्लौर, जगजऊंवा, बसडीलिया, बयारा, शिकाहरा, तिलगड़िया, वासा, लटिया, भवानीगंज कादीराबाद, बीथरिया सहित पूरे क्षेत्र में स्थित मस्जिद और ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पेश इमाम के पीछे खड़े होकर ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की। इस दौरान एसडीएम त्रिभुवन कुमार, सीओ अजय श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर शैलेश सिंह, भवानीगंज थानाध्यक्ष अंजनी राय, त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार मिश्रा, एसआई दद्दन राय सहित पुलिस कर्मी मस्जिदों और ईदगाह पर मुस्तैद रहे। **बांसी प्रतिदिन** के अनुसार, ईद उल अजहा बुधवार को पूरे क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाया गया। प्रतिबंधित पशुओं को छोड़कर बकरा, भेड़ की कुर्बानी की गई। क्षेत्र में एसडीएम जग प्रवेश, सीओ अरुण चंद्र, तहसीलदार एके वर्मा, कोतवाल छत्रपाल सिंह पुलिस बल के साथ गश्त करते देखे गए। नपा अध्यक्ष मो. इदरीश पटवारी ने नगर में भ्रमण कर लोगों को बकरीद की बधाई दी।





बांसी नगर पालिका अध्यक्ष मो. इदरीश पटवारी ने लोगों को बकरीद पर बधाई दी। दूसरी ओर नौगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के सेमरा गांव में स्थित मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही। संवाद

### इस बार सामूहिक रूप से कुर्बानी नहीं हुई

**महादेवा बाजार।** नौगढ़ ब्लॉक के सिमरा गांव में सुबह सात बजे मस्जिद में नमाज अदा की गई। पेश इमाम सद्दाम हुसैन ने खुत्बा पढ़ा और अकीदतमंद ने गौर से खुत्बा सुना। उसके बाद लोगों ने अपने घरों में कुर्बानी का फर्ज पूरा किया। इस बार सामूहिक रूप से कुर्बानी नहीं हुई। संवाद

### कोरोना से निजात के लिए की गई दुआ

परसा। बढ़नी ब्लॉक के लोगों ने एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब की विरासत कायम रखते हुए इंसानियत का पैगाम दिया। अपने घरों में नमाज पढ़ कर लोगों ने अल्लाह से दुआ की कि कोरोना जैसी महामारी से जल्द पूरे देश को निजात मिले। ढेबरुआ एसएचओ दिनेश चंद्र चौधरी और शोहरतगढ़ एसएचओ राजेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में दोनों थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों ने माहौल का जायजा लिया। इस दौरान बढ़नी उपनगर औदही कला, मनिकौरा, मदरहिया, महादेव बुजुर्ग, पचऊध, मोहनकोला, पिपरा, टीसम, भानपुर उर्फ गुलरी, मिश्रौलिया, मलगहिया, चरिहवा, अकरहरा, खजुरिया, बसंतपुर, पैकी, जोवकुंडा आदि गांवों में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। बढ़नी नगर पंचायत अध्यक्ष निसार बागी, जिला पंचायत सदस्य जाकिर हुसैन, प्रधान गुलाम हैदर, इमरान अहमद, हमीद, मो. हारुन, बदले आलम आदि भी मौजूद थे। संवाद

**इटवा प्रतिनिधि** के अनुसार, बकरीद के मौके पर विभिन्न मस्जिदों में नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घरों में ही जानवरों की कुर्बानियां पेश की। कस्बे की रजा सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद उस्मान, भदोखर मस्जिद के इमाम कारी हाफिज नूर आलम, सिहोरवा मस्जिद के तौफीक रजा, कमदालालपुर मस्जिद के इमाम मौलाना सईदुर्रहमान ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को अकीदत के साथ नमाज पढ़ाई। नमाज के दौरान समस्त मस्जिदों में कोरोना महामारी के खात्मे के लिए लोगों ने दुआएं की गई। इटवा रजा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद उसमान ने बताया कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत को अदा करते हुए समाज के लोगों ने कुर्बानियां पेश की। इटवा कस्बे सहित बढ़या, चूही, कठेला गर्वी, कठेला जुनेबी, कठेला शर्की, खड़सरी, दुफेड़िया, भावपुर, पिपरी, मुड़िला सोनबरसा, चौखड़ा, मैनहवा, मैना सहित अन्य गांवों में शांतिपूर्वक बकरीद का त्योहार मनाया गया। इस दौरान पुलिस मुस्तैद रही। **बिस्कोहर प्रतिनिधि** के अनुसार, नगर पंचायत बिस्कोहर में बुधवार को मस्जिदों और घरों में ईद की नमाज अदा कर मुल्क व कौम की सलामती की दुआएं मांगी गई। मौलवीगंज मस्जिद में मौलाना हमीदुल्लाह नदवी, जामा मस्जिद शाह मोहल्ला में मौलाना फारूक सल्फी, महजिदे तौहीद पूरब टोला में मौलाना अब्दुर्रमान, नूरा मस्जिद में हाफिज मोहम्मद अशरफ, बेलाल मस्जिद में मौलाना सलमान और तुलसीपुर रोड स्थित मस्जिद में मौलाना याकूब ने नमाज अदा कराई। **शोहरतगढ़ प्रतिनिधि** के अनुसार, बकरीद त्योहार शांति पूर्वक अकीदत के साथ मनाया गया। शोहरतगढ़ स्थित जामा मस्जिद, चिल्हिया, मुसहरी, पल्टादेवी, बेलवा महदेवा, सेमरियावां, अतरी, परसोहिया, गोल्हौरा, झरूआ, गौरा बाजार, सिसहनिया, कदवा बाजार, सीताराम पुर, खुरहुरिया, हतवा, टेडिया, कपिया ग्रांट, और सहित पूरे क्षेत्र में स्थित मस्जिद और ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। एसडीएम शिवमूर्ति सिंह, तहसीलदार धर्मवीर भारती, नायब तहसीलदार अवधेश राय, सीओ प्रदीप यादव, शोहरतगढ़ थाना प्रभारी राजेंद्र बहादुर सिंह, चिल्हिया एसओ यसवंत सिंह, ढेबरुआ के इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र चौधरी, एसआई रविकांत मणि, हरिओम कुशवाहा, नंदा प्रसाद, नरेंद्र तिवारी, रीतीश पांडेय मस्जिदों के पास मुस्तैद रहे।





# शिक्षिका की मौत के मामले में पति समेत तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बर्डपुर।** शिक्षिका की मौत के मामले में मोहाना पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज किया है।

मृतका के पिता की तहरीर पर शिक्षिका के पति पति, सास, ससुर को आरोपित बनाया गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की बात सामने आई थी।

फतेहपुर जनपद निवासी शिक्षिक प्रतिभा सिंह (29) पत्नी अखिलेश जनपद के बर्डपुर ब्लॉक क्षेत्र के बनकटवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थीं। वह बर्डपुर कस्बे में पलटा देवी मार्ग पर स्थित एक मकान में किराए पर कमरा लेकर रहती थीं। 15 जुलाई को कमरे के दरवाजे में फंदे के सहारे लटकता हुआ उनका शव मिला था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचमाना करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। इस मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर मोहाना पुलिस ने प्रतिभा के पति, सास और ससुर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहाना के थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे ने बताया

## मृतका के पिता की तहरीर पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

## आरोपितों में दूसरे जिले में रहने वाले सास-ससुर भी शामिल

की मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपित पति, सास और ससुर पर दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**गले में खिंचाव से हुई थी मौत : पोस्टमार्टम** रिपोर्ट के मुताबिक, शिक्षिका की मौत गले में खिंचाव से हुई थी। उसमें गला दबाने जैसी कोई बात सामने नहीं आई थी। ऐसा पुलिस का मानना है। वहीं दहेज हत्या का केस दर्ज होने के बाद लोग कई तरीके सवाल खड़ा कर रहे हैं। आसपास लोगों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अच्छे संबंध थे। कभी भी विवाद नहीं होता था। दोनों हंसी-खुशी रहते थे और उनके माता-पिता घटनास्थल से लगभग साढ़े 400 किलोमीटर दूर फतेहपुर जिले में रहते हैं।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपित गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** उसका थाने की पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। महिला ने गांव के ही दो लोगों पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस मामले में केस दर्जकर छानबीन कर रही है। एसओ उसका अजय कुमार सिंह ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपित जितेंद्र चौहान और गोपीचंद चौहान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2021

# पशु व चाकू के साथ तीन गो तस्कर गिरफ्तार

दुधारा (एसएनबी)। दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर गुलरिहा जाने वाली नहर पट्टी के पास से 01 राशि गोवंशीय पशु, 01 अदद अवैध बोगदा व 01 अदद अवैध चाकू के साथ 03 गोतस्करों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुधारा विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में गठित टीम के उ.नि. आनन्द कुमार सिंह, हे.कां. कैलाश पाण्डेय, मोतीलाल यादव, कां. मुकेश यादव, आशुतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र विश्वकर्मा आज तीन अभियुक्तों अफजल उर्फ पप्पू, अकबाल उर्फ बाले पुत्रगण बूधन कसाई निवासी ग्राम पिपरहवा डोमन (तकियहवा) थाना दुधारा तथा अफजाल पुत्र शमशुल हक निवासी ग्राम चोरहा थाना दुधारा जनपद को ग्राम गुलरिहा जाने वाली नहर पट्टी के पास से वध के लिए बांध रखे 01 राशि गोवंशीय पशु (गाय), 01 अदद बोगदा व 01 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना दुधारा पर धारा 3/5(ए)/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा अफजल उर्फ पप्पू के पास से बरामद बोगदा तथा अकबाल उर्फ बाले के पास से बरामद अवैध चाकू के सम्बन्ध शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर उक्त अभियुक्तगणों को न्यायालय रवाना किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोग गोवंशीय पशुओं को काटकर उसके मांस को बेंचकर अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण करते है, हम लोग इस गाय को पकड़कर उसकी हत्या कर मांस को बेचने के उद्देश्य से झाड़ी में लाये थे ।

# छह लोगों से वसूला 1400 का जुर्माना

**संतकबीरनगर।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पुलिस के चलाए अभियान में बिना मास्क के घूम रहे लोगों की जांच की गई।

इस दौरान छह लोगों से एक हजार चार सौ रुपए का जुर्माना लिया गया है। इसी के साथ लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस ने कहा कि जब तक कोरोना का संक्रमण है लोग कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कार्रवाई

**संतकबीरनगर | हिन्दुस्तान संवाद**

जिले के दो थाने की पुलिस ने दस-दस लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों के खिलाफ आंबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस मीडिया सेल के अनुसार धनघटा थाने की पुलिस ने दस लीटर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान जसई निषाद पुत्र शिवमूरत निषाद निवासी गायघाट थाना धनघटा के रूप में हुई है। दूसरा अभियुक्त बेलहरकला थाना क्षेत्र के गंगौरा टोला ककरहिया निवासी संजय पुत्र हरिराम है।

# गया बकरीद पर्व, सतर्क रही पुलिस



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी प्रदीप गुप्ता। संवाद

# 145 वाहनों से वसूले गए 1.45 लाख रुपये

**संतकबीरनगर।** जिले की पुलिस ने अभियान चला कर 145 वाहनों से एक लाख 45 हजार पांच सौ रुपए का शमन शुल्क वसूल किया है। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार जिले की पुलिस ने बैंक के आसपास अभियान चला कर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों को रोककर पूछतांछ की। इस दौरान 145 व्यक्तियों से मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक लाख 45 हजार 500 रुपया वसूल किया गया है। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

गुलरिहा जाने वाली नहर पटरी के पास से आरोपियों को पकड़ा

# प्रतिबंधित पशु के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- तस्करों के पास से एक अदद बोगदा व एक चाकू बरामद
- गोवध निवारण, पशुक्रूरता व शस्त्र अधिनियम में दर्ज किया मुकदमा

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

दुधारा पुलिस ने बुधवार को भ्रमण के दौरान गुलरिहा जाने वाली नहर पटरी के पास से एक प्रतिबंधित पशु के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक अदद बोगदा व एक चाकू बरामद किया। पुलिस ने गोवध निवारण, पशुक्रूरता व शस्त्र अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दी है।

पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक दुधारा विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में गठित टीम बकरीद पर सुरक्षा को लेकर भ्रमण पर थी। ग्राम गुलरिहा जाने वाली नहर पटरी के पास से वध के लिए बांधकर रखे एक प्रतिबंधित पशु के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान अफजल उर्फ पप्पू, अकबाल उर्फ बाले पुत्रगण बूधन कसाई निवासी ग्राम पिपरहवा डोमन (तकियहवा) थाना दुधारा व अफजाल पुत्र शमशुल हक निवासी ग्राम चोरहा थाना दुधारा के रूप में हुई।



दुधारा में पकड़े गए पशु तस्करों को बुधवार को न्यायालय ले जाते पुलिसकर्मी।

उनके पास से एक अदद बोगदा व एक अदद वध करने का चाकू बरामद हुआ। तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग प्रतिबंधित पशुओं को काटकर उसका मांस बेचकर अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हम लोग इस पशु को पकड़कर उसकी हत्या कर मांस को बेचने के उद्देश्य से झाड़ी में लाए थे। थाना दुधारा पर तीनों के विरुद्ध गोवध निवारण, पशुक्रूरता व शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय रवाना कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है। अफजल उर्फ पप्पू पर दुधारा थाने में छह मुकदमे दर्ज हैं। अकबाल उर्फ बाले पांच व अफजाल चार मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा विनय कुमार पाठक, उपनिरीक्षक आनन्द कुमार सिंह, हेड कांसटेबल कैलाश पाण्डेय, हेड कांसटेबल मोतीलाल यादव, कांसटेबल मुकेश यादव, कांसटेबल आशुतोष पाण्डेय, कांसटेबल शैलेन्द्र विश्वकर्मा शामिल रहे।

# छह लोगों से वसूला 1400 का जुर्माना

**संतकबीरनगर।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पुलिस के चलाए अभियान में बिना मास्क के घूम रहे लोगों की जांच की गई।

इस दौरान छह लोगों से एक हजार चार सौ रुपए का जुर्माना लिया गया है। इसी के साथ लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस ने कहा कि जब तक कोरोना का संक्रमण है लोग कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**संतकबीरनगर | हिन्दुस्तान संवाद**

जिले के दो थाने की पुलिस ने दस-दस लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस मीडिया सेल के अनुसार धनघटा थाने की पुलिस ने दस लीटर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान जसई निषाद पुत्र शिवमूरत निषाद निवासी गायघाट थाना धनघटा के रूप में हुई है। दूसरा अभियुक्त बेलहरकला थाना क्षेत्र के गंगौरा टोला ककरहिया निवासी संजय पुत्र हरिराम है।

# जुआ अधिनियम के तहत छह गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा थाने की पुलिस ने छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार एक स्थान से बखिरा थाने की पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तीनों की पहचान रामतेज राजभर पुत्र रंगीलाल राजभर, रोहित कुमार पुत्र संतराम, लवकुश राजभर पुत्र रंगीलाल राजभर निवासी फेउसी थाना बखिरा के रूप में हुई है। तीनों लोगों के पास से 140 रुपये मालफड़ व 270 रुपए जामा तलाशी तथा ताश के पत्ते पाए गए है । तीनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# प्रतिबंधित पशु के वध की तैयारी में जुटे तीन तस्करों को दबोचा

जागरण संवाददाता, दुधारा : दुधारा पुलिस ने बुधवार की सुबह प्रतिबंधित पशु के वध की तैयारी में लगे तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक ने बताया कि गोवंशीय पशु के वध की तैयारी की सूचना मिलने पर गुलरिया नहर के पास छापेमारी की गई। अफजल उर्फ पप्पू कसाई व इकबाल उर्फ बाले निवासी ग्राम पिपरा डोमन के साथ ही अफजाल निवासी चोरहा को गिरफ्तार किया गया।

इनके कब्जे से एक गोवंशीय पशु, चाकू व वध में प्रयोग किए जाने वाला बोगदा भी बरामद किया गया। पशु को गोशाला भेजने के साथ ही तीनों पशु तस्करों को जेल भेजा गया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच मुसहरा में शांतिपूर्वक मना त्योहार

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मुसहरा में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक मनाया गया। तीन दिनों तक कुर्बानी की परंपरा होने को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अमला गांव में सक्रिय है। हर गली व चौराहों पर पुलिसकर्मी मौजूद दिख रहे हैं।

वर्ष 2013 में कुर्बानी को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद होने के बाद से यह गांव अतिसंवेदनशील बन गया। इस बार भी यहां बकरों को जब्त करके विद्यालय परिसर में रखने के साथ ही उपद्रव कर सकने वाले लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई भी हुई। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुबह सात बजे ही

## सुरक्षा

- गांव में सुबह से ही डटे रहे एसडीएम व सीओ
- सचेत रहे लोग, घरों में रहकर लोगों ने मनाया त्योहार

एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अम्बरीश भदौरिया व थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव गांव में पहुंच गए। यहां पुलिस व पीएसी के जवान दो दिन पहले से ही लगे हैं। परंपरागत रूप से यहां पहले दिन बकरीद का त्योहार मनाया गया। लोग खुद ही घरों में रहकर नमाज अदा करने के साथ ही त्योहार मनाने को प्राथमिकता देते दिखे। देर शाम तक पुलिस और प्रशासन के अधिकारी गांव में जमे रहे।



धर्मसिंहवा के मुसहरा गांव में मस्जिद के पास निगरानी करते एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी मध्य में, बाएं सीओ अम्बरीश भदौरिया, दाएं थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ● जागरण

# मुस्तैद रही पुलिस

**मेंहदावल।** क्षेत्र में बकरीद को लेकर तहसील व पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय दिखा। कस्बे में स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम कर रखा था। सीओ अंबरीष भदौरिया और प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन की देखरेख में कोविड-19 के नियमों का अनुपालन करते हुए सिर्फ पांच लोगों ने ही बकरीद की नमाज अदा की।

मेंहदावल नगर पंचायत के ठाकुरद्वारा वार्ड में स्थित जामा मस्जिद पर सुबह से ही प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। कोविड-19 के नियमानुसार केवल मुतवल्ली समेत पांच लोगों को मस्जिद में जाकर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई। संवाद

## गोवंश और चाकू संग तीन तस्कर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने बुधवार को गोवंशीय पशु के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने चाकू और बोगदा भी बरामद किया।

एसओ विनय पाठक ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए तस्करों की पहचान अफजल उर्फ पप्पू, अकबाल उर्फ बाले निवासी पिपरहवा डोमन (तकियहवा) और अफजाल निवासी चोरहा थाना दुधारा के रूप में हुई। आगे बताया कि गुलरिहा जाने वाली नहर पट्टी के पास से वध के लिए बांधे गए एक गोवंशीय पशु, बोगदा व अवैध चाकू के साथ तस्करों को पकड़ा गया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे लोग गोवंशीय पशुओं को काटकर उसके मांस को बेचकर अपना तथा अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वे लोग बरामद गोवंशीय पशु को पकड़कर उसका वध कर मांस को बेचने के उद्देश्य से झाड़ी में लाए थे और पकड़ लिए गए। पकड़े गए तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की गई। ब्यूरो


# चौदहवें वर्ष भी मुसहरा में नहीं मनी बकरीद, प्रशासन रहा सतर्क

### वर्ष 2007 में हुए विवाद के बाद नहीं बन पाई सहमति, सुरक्षा के मद्देनजर गांव छावनी में तब्दील

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिंहवा।** क्षेत्र के मुसहरा गांव में चौदहवें वर्ष भी आपसी सहमति न बन पाने के कारण बकरीद नहीं मनी। सतर्कता व सुरक्षा के बीच लोगों ने अपने घरों में नमाज अदा की। सुरक्षा के मद्देनजर एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी और सीओ अंबरीष भदौरिया के साथ काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही।

धर्मसिंहवा क्षेत्र के मुसहरा गांव में कुर्बानी का त्योहार आते ही उच्चाधिकारियों की बैठकें होने लगती हैं। दोनों वर्ग अपना-अपना पक्ष रखते हैं लेकिन चौदह वर्ष बीत जाने के बाद भी आपसी सहमति नहीं बन पाई। ऐसे में इस बार भी गांव के लोगों ने कुर्बानी का त्योहार नहीं मनाया। गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए मंगलवार से ही यहां पर काफी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैद हैं।



बकरीद के अवसर पर मुसहरा गांव में शांति व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस बल । संवाद

कोई गड़बड़ी न होने पाए, इसको लेकर पुलिस ने दोनों संप्रदायों से कुल 41 लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया है। सीओ अंबरीष भदौरिया ने बताया कि मंगलवार को को राजस्व कर्मियों व पशु चिकित्सक की मौजूदगी में लोगों के घरों से तेरह बकरे निकलवाकर गांव में स्थित एक मदरसे में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

बताया कि पुलिस अभिलेखों में इस गांव में कुर्बानी की परंपरा नहीं रही है और 2007 में कुछ लोगों द्वारा कुर्बानी कर देने पर विवाद उपज गया था। तब से शांति व्यवस्था के लिए यहां पुलिस सतर्क दृष्टि रखती है। बुधवार को गांव में सुरक्षा के बीच पांच अकीदतमंद लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा की और शांतिपूर्वक चले गए। जबकि अन्य लोगों ने अपने-अपने घरों में नमाज अदा की। एसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि तीसरे दिन शाम को सभी के बकरे उन्हें सुपुर्द कर दिए जाएंगे।



पुलिस लाइंस में चिकित्सकों के साथ बैठक करते एसपी । संवाद

# एसपी ने चिकित्सकों को दिया हर संभव मदद का भरोसा

**अमर उजाला ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने मंगलवार की देर शाम चिकित्सकों के साथ बैठक की। इसमें सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। एसपी ने चिकित्सकों को सुरक्षा का भरोसा दिया।

एसपी ने कहा कि कोरोना काल में चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लाखों लोगों की जान बचाकर उनके परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौटाई। कोरोना काल के दौरान डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। इस योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। चिकित्सकों से सेवा के दौरान अभद्र व्यवहार करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से चिकित्सकों को हरसंभव मदद दिए ज़ाने का भरोसा दिया। इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अंशुमान मिश्र, डॉक्टर वी के गुप्ता, डॉक्टर अशोक चौधरी, डॉक्टर विवेक खन्ना, डॉक्टर एसबी सिंह, डॉक्टर ए के श्रीवास्तव, डॉक्टर अनुभव अग्रवाल, आरआई पंकज कुमार तिवारी, कोतवाल मनोज कुमार पांडेय, पीआरओ अमित कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# बिना मास्क पकड़े गए लोगों से वसूला जुर्माना

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने छह लोगों को पकड़ा। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क के घूमते छह लोग पकड़े गए। इनसे पुलिस ने 1400 रुपये जुर्माना वसूल किया। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है।

बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकलें। दो गज की दूरी बनाएं रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहे। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।